26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025

अंक- 53 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## भारत-जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार- मोदी

### बोले- पुराने संबंधों को जीवित करना होगा

**अम्मान ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जॉर्डन दौरे के आखिरी दिन अम्मान में आयोजित इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत और जॉर्डन के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायिक नेताओं से बातचीत की और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के नए अवसर तलाशने पर जोर दिया और दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग को लेकर अहम बातें भी कहीं। फोरम में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के रिश्ते सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें लंबे समय के मजबूत साझे में बदला जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार की दुनिया में आंकड़ों की अपनी अहमियत होती है, लेकिन भारत और जॉर्डन का लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि भरोसे और साझेदारी पर आधारित भविष्य बनाना है। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब गुजरात से यूरोप तक व्यापार पेट्रा के रास्ते होता था। अब समय आ गया है कि उन पुराने व्यापारिक रास्तों और रिश्तों को फिर से जीवित किया जाए, ताकि आने वाले समय में दोनों देशों को समृद्धि मिल सके।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत

## मजदूर के परखचे उड़े, अंग इधर-उधर बिखरे



पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद घटना की जांच करती पुलिस-प्रशासन की टीमें शामिल अधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। पास के कस्बा जलालाबाद स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में आज सुबह अचानक भयंकर विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। विस्फोट इतना भीषण था कि मृतक के परखचे उड़ गये। उसके शरीर के अंग इधर-उधर जा गिरे। घटनास्थल का मंजर बहुत भयावह था। मजदूर का सिर कहीं तो धड़ कहीं पड़ा था। शरीर के अनेक अंग कटकर इधर-उधर जा गिरे। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एसपी अभिषेक झा ने स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

जलालाबाद-कोतवाली नहर पटरी बाईपास मार्ग पर स्थित शिफा फायर वर्क्स फैक्ट्री में आज सुबह लगभग 10:30 बजे आम के पेड़ के नीचे गंधक-पोटास छानते समय अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट में वहां काम कर रहे सुधीर कुमार (35 वर्ष) निवासी ग्राम पाडला थाना किरतपुर की मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी राहुल कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। विस्फोट इतना भीषण था कि मृतक सुधीर कुमार का सिर धड़ से अलग हो गया और दूर जा गिरा। शरीर के अंग घटनास्थल पर दूर तक बिखर गये। फैक्ट्री में उस समय लगभग 50 मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। विस्फोट होते ही फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा मानकों की जांच शुरू कर दी है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। एसपी अभिषेक झा ने पत्रकारों को बताया कि जांच में पता चला है कि पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से वहां काम कर रहे एक मजदूर की मौत हुई है। फैक्ट्री का लाइसेंस है। फायर सर्विस व अन्य टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई जा रही है। अगर जांच में कोई कमी पाई गई तो फैक्ट्री के लाइसेंस निरस्तीकरण व एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने घटना में किसी के भी घायल होने की पुष्टि नहीं की।

सम्बंधित खबर पेज 2 पर

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 17 दिसम्बर 2025**

मेष- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

मिथुन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

कर्क- आज रात्रि 9/42 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

सिंह- अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

कन्या- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

तुला- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

वृश्चिक- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

धनु- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

मकर- चिरवांछित कार्य बनने की ओर, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

कुम्भ- आज रात्रि 9/42 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

मीन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# बारूद छानते हुए हुआ पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

## घटना के बाद फैक्ट्री मालिक फरार, टीमों ने मौके पहुंचकर शुरू की जांच



मौके पर जांच के लिए जाते एसपी अभिषेक झा।



नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा जलालाबाद की पटाखा फैक्ट्री में आज सुबह अचानक विस्फोट बारूद छानते हुए हुआ। इसमें बारूद छान रहे किरतपुर के पाडला के मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आसपास काम कर रहे कई मजदूर घायल हुए हैं।

बताया जाता है कि झालू के इमरान नामक व्यक्ति की यह पटाखा फैक्ट्री है, जिसमें अन्य कई लोग पार्टनर बताये जाते है। पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस है तथा इस फैक्ट्री में करीब 60 मजदूर काम करते है। आज सुबह करीब नौ बजे फैक्ट्री में पेड़ के नीचे पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाला बारूद छानते हुए अचानक तेज विस्फोट हुआ। इस विस्फोट की आवाज आसपास के



इलाके में गूंज गई। एक मजदूर की मौत हो गई। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में इधर-उधर काम कर रहे सभी मजदूर दौड़ कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना फैक्ट्री मालिक को दी। फैक्ट्री मालिक इमरान भी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस ने फैक्ट्री को घेर कर जांच शुरू कर दी। बाद में फैक्ट्री पहुंचे मालिक मौके से फरार हो गये। एसपी व पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने वहां मौजूद मजदूरों से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद नजीबाबाद व बिजनौर से फायर सर्विस व संबंधित विभागों की टीम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुट गई है। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया तथा कई तरह की आफवाहें उड़ गई।

## स्योहारा से कांग्रेस की दिल्ली रैली में अहसन जमील के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कांग्रेस की दिल्ली के रामलीला मैदान मे हुई वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली मे बिजनौर जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के अहवान पर स्योहारा नगर अध्यक्ष अहसन जमील व ब्लाक अध्यक्ष हरि सिंह सागर के नेतृत्व मे स्योहारा से सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने काफिले के साथ दिल्ली पहुंच कर रैली अपनी उपास्ति दर्ज कराई । रेली मे स्योहारा से ल पहुंचने वालो मे मुख्य रूप से अहसन जमील- नगर अध्यक्ष, हरि सिंह सागर- ब्लाक अध्यक्ष, पूर्व जिला सचिव अथर जमील, जिला - सचिव राम कुमार ,नौबत सिंह, वीर सिंह सेनी , कमल सिंह ,भूदेव चौधरी, राजेन्द्र सिंह, मोहित कुमार, दिनेश प्रधान, नरेन्द्र सेनी , नईम अहमद, दिलशाद, मोनू कुमार, रमीज अहमद, रिजवान अहमद, शाह आलम, नसरू अहमद, इनाम अहमद, दिलशाद, पारूल शर्मा , बब्बलू ,राशिद अहमद, जुबेर अहमद, जावेद, इमरान अहमद, मास्टर नफीस, लियाकत हुसैन, नवेद अहमद, अरिफ अहमद, अजीम अहमद, इमरान अहमद , फेज अहमद, अरशद अहमद, तनवीर अहमद, यूसुफ अहमद, फराहीम युसुफ, राहुल पाल, नितिन, शहाब उद्दीन, महफूज अहमद, सलीम अहमद, फेजअली, इरफान, अनस अहमद, भूरे अहमद, फुरकान अहमद, सलाउद्दीन, इब्राहिम, अब्दुल्ला फेहद, इनाम अहमद ,शाकिर हुसैन, जानिब अहमद आदि शामिल रहे।

## गुरिंदर सिंह पीसीआई अध्यक्ष चयन समिति में हुये शामिल

### हमारे लिये गर्व की बात- नवरत्न

**नई दिल्ली ( चिंगारी )।** प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण हो जाने और नए अध्यक्ष के चयन हेतु पीसीआइ मीटिंग में



ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूजपेपर्स फेडेरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पीसीआई सदस्य गुरिंदर सिंह को भी शामिल किया गया है। गुरिंदर सिंह के अतिरिक्त लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सभापति चयन समिति के सदस्य होंगे। ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार नवरत्न ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे स्मॉल एंड मीडियम फेडरेशन संगठन के लिए गर्व की बात है। फेडरेशन जल्दी अखबारी कागज पर जीएसटी को लेकर नई रणनीति तय करेगा और निश्चित रूप से जीएसटी को हटबाने पर कार्य करेगा। ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूजपेपर्स फेडरेशन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शोएब अख्तर और महासचिव नीरज कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि अखबारों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में वे सहायक होंगे। यह नियुक्ति निश्चित रूप से स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के लिए भी एक गर्व की भी बात है।

# पाकिस्तान में रची गई थी पहलगाम हमले की साज़िश

## एनआईए ने 1300 पेज की चार्जशीट में सबूत दिये

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोप-पत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के




लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है। सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोप-पत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए भी दंडात्मक धाराओं का प्रयोग किया है। बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा धर्म आधारित लक्षित हत्याओं वाले इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी।

### 8 महीने की जांच में सामने आये कई अहम सबूत

**एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून 2025 को गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथड़ के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है।**

## ब्रिकी/किराए के लिए व्यावसायिक संपत्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.आर.एस. मॉल ( SRS MALL ), शक्ति चौक, बिजनौर में स्थित, दो व्यावसायिक हॉल ( बिक्री या किराए ) के लिए उपलब्ध हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

दो हॉल तृतीया तल पर जिनका आकार-74 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा एवं 79 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा है।

इच्छुक व्यक्ति श्री मनीष कुमार जी से 9927164079 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## टाटा समूह यूपी में ईवी, सोलर ऊर्जा और थर्मल पावर के क्षेत्र में करेगा निवेश

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी) । टाटा समूह उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी),सौर ऊर्जा और तापीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरनन के बीच बातचीत में टाटा समूह के प्रदेश में चल रहे और भविष्य के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इस दौरान एन. चंद्रशेखरन ने टाटा मोटर्स द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने और नये मॉडलों के निर्माण के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में उन्होंने प्रदेश में ऊर्जा अवसंरचना और औद्योगिक विकास से जुड़े टाटा समूह के अन्य प्रोजेक्टस के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि इस क्रम में टाटा पावर प्रयागराज के बारा प्लांट में 1900 मेगावाट की नई थर्मल इकाई लगा रहा है। इसके साथ ही टाटा समूह प्रदेश में सोलर पावर के विकास की परियोजनाओं पर भी तेज गति से कार्य कर रहा है। वहीं नोएडा में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से टाटा समूह नई बिल्डिंगों का निर्माण कर रहा है। मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान टाटा चेयरपर्सन ने प्रदेश में ईवी के विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि टाटा समूह इस क्रम में इलेक्ट्रिक बसों और वाहनों की मैन्यूफैक्चरिंग को तेजी से विस्तार दे रहा है, साथ ही ईवी के नये मॉडलों का भी विकास किया जाएगा। जो एक ओर तो टाटा समूह की ईवी के क्षेत्र में शेयर को बढ़ाएगा तो वहीं प्रदेश में रोजगार के नये अवसर भी पैदा करेगा।

बैठक में उन्होंने बताया कि प्रदेश में आईटी-इंफ्रा के विकास को गति देने के उद्देश्य से नोएडा में नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिनके पहले फेज़ का निर्माण, दिसंबर 2026 में तक चरणबद्ध रूप से पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के दौरान टाटा पावर ने प्रदेश में अपनी संचालित एवं आगामी परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। इनमें उन्होंने प्रयागराज के बारा प्लांट में टाटा समूह की ओर से लगाई जा रही 1900 मेगावाट की नई इकाई के बारे में विस्तार




से बताया। इस पावर प्लांट में 360 मेगावाट क्षमता की तीन पावर जनरेशन यूनिट्स लगाई जाएगी। जो एक ओर प्रदेश की ऊर्जा क्षमता में विस्तार करेगी, दूसरी ओर स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।



**भली** लगे
या **बुरी**...

## भूल गये भाषा की मर्यादा

इस दौर में नैतिकता, शुचिता और सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार में गिरावट भयानक गति के साथ हुयी और यह लगातार जारी है। एक समय था जब लोग सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार का बहुत खयाल रखते थे और अपने विरोधी के प्रति भी दिखावे के लिए ही सही, संयमित और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाता था। राजनीतिक विपक्ष विरोधी होता था, दुश्मन नहीं। कहे-लिखे की जांच और उसकी प्रमाणिकता का उत्तरदायित्व हुआ करता था। असत्य को ज्यादा दिनों तक तथ्य बनाकर प्रस्तुत नहीं किया जा सकता था, मगर जैसे-जैसे पांवों के नीचे से जमीन खिसकती गयी, वैसे-वैसे सिर्फ भाषा ही पतित नहीं हुई, प्रस्तुति भी विकृत होती गयी। आज देश की सबसे बड़ी पंचायत में भी न केवल हमारे माननीय भाषा की मर्यादा भूल जाते हैं, अपितु अश्लीलता की हदें लांघते हुए भद्दे और भौंडे इशारे करके सदन की गरिमा को तार-तार करने में भी संकोच नहीं करते।

भाषाविद कहते हैं कि भाषा हमारा परिचय होती है, बोलने वालों के चरित्र और विकास का प्रतिबिंब होती है। भाषा किसी संस्कृति का रोडमैप भी होती है जो यह बताती है कि इसके लोग कहां से आये और कहां जाना चाहते हैं। इस हिसाब से मौजूदा निजाम भाषा को वापस एक ऐसे दौर में पहुंचाना चाहता है, जहां उसका उपयोग स्त्रियों और दलितों की गरिमा और मनुष्यता को छीनने के हथियार की तरह किया जाता है। जहां राज करने वालों की भाषा को देवत्व प्रदान कर बाकियों के लिए उसके इस्तेमाल पर रोक लगा दी जाती है। मौजूदा दौर में भाषा का सर्वाधिक अवमूल्यन हुआ है। किसी भी दिन, किसी भी विषय पर, कोई भी कथन देखें, उसमें भौंडापन, बड़बोलापन और खोखलापन एक साथ दिखाई देता है। भाषा में छल-कपट और सतहीपन आया है और वह अपनी ताकत खो बैठी है। इसकी एवज में उसने जिस शक्ति को पाया है वह नकारात्मक है। भाषा दोधारी तलवार की तरह होती है। माना यह जाता है कि हम भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, मगर अक्सर भाषा भी हमारा इस्तेमाल करती है। समाज की परम्पराओं और विरासतों के साथ खिलवाड़ अपनों को भी नहीं छोड़ता। बहरहाल, भाषा की मर्यादा हमें अपने अतीत से जोड़ती है और भविष्य का मार्ग बनाती है।

# क़ाज़ी इस्फ़ारूल हक़ ज़की : सूद को छोड़ा, ग़रीबों को बैंकिंग से जोड़ा!

**जिस तरह से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने वाले सर सय्यद अहमद खां ने बहुत पहले यह समझ लिया था कि मुसलमानों को विकास से जोड़ना है, तो उनको हायर एजुकेशन में आगे लाना होगा। उसी तरह से यहां 1971 में मुस्लिम फंड कायम करने वाले जलालाबाद निवासी क़ाज़ी इस्फ़ारूल हक़ ज़की ने आधी सदी पहले यह जान लिया था कि अगर ग़रीब लोगों को कर्ज़ के चक्रवृद्धि ब्याज और उनके मकान-दुकान को नीलाम होने से बचाना है, तो उनको मामूली खर्च पर लोन देना होगा, साथ ही कट्टरपंथी कुछ भी आरोप लगाते रहें, लेकिन जो लोग सूद के डर से अपना पैसा बैंकों में जमा करने को तैयार नहीं हैं, उनको बिना ब्याज छोटी-छोटी बचत जमा करके हिंदू-मुस्लिम समाजसेवा के काम में लगाना है।**



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

1940 में नजीबाबाद के पास स्थित कस्बा जलालाबाद में पैदा हुए क़ाज़ी इस्फ़ारूल हक़ ज़की का 26 नवंबर को इंतकाल हो गया था। 55 साल पहले उनके बड़े भाई शहर क़ाज़ी इज़हारूल हक़ के पास 70 के दशक में जमीयत उलेमा हिंद से जुड़े कुछ लोग आये। उन्हेंने उनसे नजीबाबाद में भी एक ऐसा बैंकिंग सिस्टम चालू करने की बात कही, जैसा देवबंद में बिना सूद के एक इदारा पहले से ही चल रहा था। दरअसल बिना सूद का बैंक रामपुर के पास एक कस्बे में चलने की जानकारी उस टाइम के जाने-माने उलेमा और दारूल उलूम देवबंद के संचालक मौलाना असद मदनी को 1960 के आसपास मिली थी, वहां मदनी साहब किसी इजलास में शरीक होने के लिये गये थे। जब उनको उस इलाके के बंजारा जाति के मुसलमानों ने पहली बार इस तरह के फंड के बारे में बताया, जिसमें अमीर लोग अपना फालतू पैसा बिना किसी सूद की नीयत के फंड में जमा करते हैं और ज़रूरतमंद ग़रीब लोगों को सोना-चांदी के ज़ेवर ग्रवीं रखकर उस पैसे से छोटे-छोटे कर्ज दिये जाते हैं, तो उनको यह आइडिया इस्लामी हिसाब से होने वाली बैंकिंग के लिहाज़ से मुनासिब लगा। मदनी साहब ने बाद में इस तरह के फंड को देवबंद में कुछ लोगों को खोलने के लिये प्रेरित किया। यह फंड वहां खुला, लेकिन मदनी साहब उनके इदारे दारूल उलूम और जीमयत उलेमा हिंद का इससे कोई सरोकार नहीं रखा गया। बाद में जमीयत के ही कुछ लोग जब नजीबाबाद में ऐसा नो प्रोफिट नो लॉस वाला बिना सूद का इदारा खोलने के लिये शहर क़ाज़ी इज़हारूल हक़ के पास गये तो उन्होंने यह काम अपने छोटे भाई क़ाज़ी इस्फ़ारूल हक़ ज़की को सौंप दिया।



स्व. क़ाज़ी इस्फ़ारूल हक़ ज़की

क़ाज़ी जी ने इस फंड के सिस्टम को समझने के लिये देवबंद जाकर वहां ऐसा ही इदारा चलाने वाले हसीब साहब से पूरी जानकारी हासिल की। बाद में उन्होंने नजीबाबाद वापस आकर शहर के ज़िम्मदार हैसियतदार और सम्पन्न लोगों की मुस्लिम फंड के नाम से एक रजिस्टर्ड कमैटी बनाई, जिसमें पत्रकार असद खां, हाजी तस्लीम आढ़ती, डॉ. जब्बार साहब और हाजी मुमताज़ चूड़ी वाले जैसे अनेक जाने-माने लोग शामिल थे। फंड का पहला ऑफिस मुगलूशाह में हाफ़िज़ नूर मुल्तानी की दुकान में खोला गया। कुछ ही महीने बाद इस दफ्तर को रम्पुरा में यासीन डायमंड वालों के घर लाया गया। यहां लगभग 6 साल चलने के बाद वर्तमान हेड ऑफिस में यह फंड शिफ्ट हुआ। शुरू में इसमें जेवर रखकर जो कर्ज दिया जाता था, उसके लिये कॉस्ट ऑफ लोन फॉर्म बेचा जाता था, जिसकी दस-बीस, पचास और सौ रूपये कीमत होती थी। लेकिन बाद में यह सिस्टम बंद कर कर्ज पर मासिक रूप से कुछ मामूली फीस तय कर दी गयी। लेकिन इसको भी चक्रवृद्धि ब्याज से दूर रखा गया। इसके बाद स्टाफ की सैलरी, स्टेशनरी, घर और दुकान से जमा रकम की वसूली के लिये दिये जाने वाले कमीशन के बढ़ते हुए खर्च निकालने के लिये फंड में जमा एक्स्ट्रा पैसा बैंक में एफडी किया जाने लगा। इससे जो भारी कमाई शुरू हुयी उससे एक के बाद एक दिल्ली, मुंबई, सूरत वग़ैरा में फंड ने कार्यालय के लिये अपनी खुद की ज़मीन और उस पर निर्माण शुरू करा दिया। आज फंड में 700 से अधिक लोग काम करते हैं, जो भी सोना-चांदी रखकर लोगों ने कर्ज लिया था। उसको वापस न लेने के बाद भी उसमें से एक ग्राम भी आज तक बेचा नहीं गया है।

इस दौरान सरकार और आरबीआई के बदलते नियमों के तहत फंड का काम सीमित कर अल नजीब मिल्ली म्युचुअल बेनिफिट्स निधि लिमिटेड खोली गयी है, जिसमें जमाकर्ताओं को, कंपनी को होने वाले प्रोफिट में हिस्सेदारी दी जाती है। इससे क़ाज़ी जी पर लगातार लगने वाले सूदी कारोबार के आरोप पर भी कुछ हद तक लगाम तो लगी है, लेकिन आज भी मुस्लिम फंड का वजूद कायम होने और पहले के कारोबार से जुटाये गये ब्याज के पैसे से ही सारा सिस्टम चलने से कुछ कट्टरपंथी आलिम इस तरह के कारोबार को हराम करार देते हैं। हालांकि क़ाज़ी जी ने इस विशाल आय से आगोश चैरिटेबिल हॉस्पिटल नजीबाबाद, आईटीआई लाइब्रेरी, आंखों के ऑप्रेशन के सालाना नि:शुल्क कैंप, लखनऊ की समाजसेवी संस्था कल्याण करोति के सहयोग से विकलांग लोगों को बड़े पैमाने पर उपकरण, हर साल ग़रीब लोगों को कंबल और लिहाफ़, भूकंप पीड़ितों की मदद, बाढ़ पीड़ितों की सहायता, कोरोना लॉकडाउन में घरेलू सामान की किट, रोज़ा अफ़्तार, होली मिलन प्रोग्राम और कांवड़ती सेवा शिविर जैसे समाजसेवा और हिंदू-मुस्लिम एकता के अनेक प्रोग्राम कराते रहे, लेकिन जो कट्टरपंथी उनको सूद का हराम कारोबार करने वाला बताते थे, वे होली और कांवड़ पर लगने वाले मुस्लिम फंड के सेवा शिविर की आलोचना ही करते रहे। क़ाज़ी जी सिटी प्रेस क्लब सहित कई समाजसेवी अदबी और कल्चरल व शैक्षिक संस्थाओं के संरक्षक और सदर व मैनेजर जैसे अहम पदों पर भी रहे और बराबर अपनी काबिलियत समय और पैसे से मदद करते रहे। हालांकि अब मुस्लिम फंड और अल नजीब संस्था उनके परिवार के लोग चला रहे हैं, जिसके प्रबंधन व संचालन में पारदर्शिता और निष्पक्षता की उनके विरोधी लगातार मांग करते रहे हैं, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद संस्था के आर्थिक हालात अब अच्छे नहीं माने जाते हैं। बहरहाल क़ाज़ी जी ने जो कुरबानी दी, कट्टरपंथी वर्ग के ताने सुने और समाजसेवा की उसकी दूसरी मिसाल बड़ी मुश्किल से ही देखने को मिलती है। एक शायर ने कहा है-

**शोहरत मिली तो नींद भी अपनी नहीं रही,**
**गुमनाम ज़िंदगी थी तो कितना सकून था।।**

(नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर के चीफ़ एडिटर हैं।)

# धूमधाम से मनाया गया विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव

## बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : चंदन चौहान



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के बच्चे।



सांसद चंदन चौहान को सम्मानित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य।

**चांदपुर ( चिंगारी )। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज चांदपुर का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान व मुख्य वक्ता विद्या भारती के प्रदेश संगठन मंत्री मेरठ प्रांत थे।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिये जाते हैं। सीबीएसई पेर्टन होने के बावजूद यहां बच्चों को संस्कारिक शिक्षा दी जा रही है, जिसके लिए सभी आचार्य व प्रबंध कमेटी बधाई की पात्र है। मुख्य वक्ता प्रदीप गुप्ता ने विद्या भारती के इतिहास को बताते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे अनुशासित, संस्कारवान व राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत होते हैं।

विद्यालय की प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिवकुमार शर्मा, उपेन्द्र कुमार संभाग निरीक्षक विद्या भारती, प्रो. साधना, विद्यालय के प्रबंधक पंकज वैश्य, पंकज चौहान एडवोकेट, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, कार्यक्रम संयोजक रवेन्द्र कुमार, विकास कर्णवाल, मोहित अग्रवाल, मीनू राजपूत, अशोक कुमार नेताजी, चौ. वीर सिंह, राजेन्द्र त्यागी, रामकुमार शर्मा, हेमेंद्र कुमार, कृष्णकुमार शर्मा, मुनेश कुमार, डा. दीप्त अग्रवाल, सुनील शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रबी कृषि निवेश मेले का आयोजन किया




**हल्दौर ( चिंगारी )।** विकास खंड हल्दौर के कार्यालय परिसर में रबी कृषि निवेश मेले का आयोजन कृषि विभाग की ओर से किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि बीडीओ कुनाल रस्तोगी (आईएएस) व जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती एवं उसके उपयोग मानव स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। मुख्य वक्ता योगेंद्रपाल सिंह योगी द्वारा किसानों को जैविक खेती के उपयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। गन्ना समिति के सचिव मुकेश राठी द्वारा गन्ना विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अनुराग सिंह द्वारा पशुओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों की रोकथाम बचाव एवं पशुओं के पोषण प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक विकास अधिकारी कृषि विकास खंड हल्दौर डॉ. नरेंद्र मालिक द्वारा गेहूं की वैज्ञानिक खेती एवं प्रबंधन पर चर्चा की गई। मेले में गन्ना विभाग और कृषि विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर किसानों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं। मेले में कृषि विभाग धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनीत तोमर, संजय कुमार, सागर तोमर, प्रशांत कुमार, रामगोपाल सिंह, हुकम सिंह, सत्यवीर सिंह, छोटे सिंह, परमेंद्र सिंह, मनोज कुमार, हरपाल सिंह, जयपाल सिंह, सुखबीर सिंह, नेपाल सिंह, महावीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह, मुनेश कुमार, सुरेश सिंह, मनोज कुमार शर्मा, तारा सिंह आदि किसान उपस्थित रहे। संचालन एडीओ कृषि रक्षा राजू सिंह द्वारा किया गया।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# जानलेवा हमले में तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश (एससीएसटी एक्ट) श्री अवधेश कुमार ने नजीबाबाद में सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमला करने वाले सगे भाइयों सुलेमान, इमरान उर्फ भूरा ओर सुल्तान को आजीवन कारावास व तीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी हीरालाल पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 सितम्बर 2018 को सफाई कर्मचारी नवीन पुत्र स्व. सुभाष जाब्तागंज नजीबाबाद में सुबह सवा पांच बजे करीब सड़क पर सफाई कर रहा था,जब वह सफाई करता हुआ इमलिया मदरसे के निकट आया तो अचानक किसी व्यक्ति ने नवीन पर छुरे से हमला कर दिया। पुलिस की विवेचना में सुलेमान, इमरान उर्फ भूरा, सुल्तान पुत्रगण सलाम निवासी मोहल्ला चारबाग नई बस्ती कस्बा व थाना नजीबाबाद के नाम आए। इसमें मुकदमे का पीड़ित नवीन न्यायालय में अपने बयान से पलट गया था। लेकिन विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अथक प्रयासों से इसमें तीनों सगे भाइयों पर अपराध सिद्ध हुआ।

# नवागत विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

## लवकुश मिस्टर, संजना मिस फ्रेशर चुने गये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक यूनिवर्सिटी के कम्प्यूटर एप्लिकेशन एवं इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर्स छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक नृत्य, गायन, रैंप वॉक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्धन तंत्र द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन द्वितीय वर्ष की छात्रा कृतिका एवं काव्य ने किया। मि. फ्रेशर लवकुश व मिस. फ्रेशर संजना चुने गये। मि. पर्सनैलिटी आदित्य कुमार बीसीए व मिस. पर्सनैलिटी बी.टेक अदिति रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि फ्रेशर समारोह नई शुरूआत की ओर पहला और बड़ा कदम होता है। प्रो. चांसलर इं. दीपक मित्तल ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सभी छात्रों का सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास होता है। कुलपति प्रो. नरेश गुप्ता ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपनी स्मृति को संजोये रखना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांशु कुमार, राशि तंवर, सजल अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, ईला सिंह, गौरव कुमार, मोहित त्यागी, अंजलि चौधरी, आयुषी आदि का योगदान रहा।

## सांसद चन्द्रशेखर ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

# महिलाओं को मिले 'मासिक धर्म अवकाश'

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने संसद में एक अत्यंत महत्वपूर्ण लेकिन लंबे समय से उपेक्षित विषय मासिक धर्म अवकाश को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, लेकिन इसके दौरान महिलाओं को तेज दर्द, कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुजरना पड़ता है।



लोकसभा में बोलते हुए चन्द्रशेखर।

सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं—मजदूर, किसान परिवारों की बेटियां, छात्राएं, दफ्तरों में काम करने वाली कर्मचारी और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं—बिना किसी विशेष सुविधा के काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने चिंता जताई कि आज भी देश में मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई स्पष्ट और समान राष्ट्रीय नीति मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ निजी संस्थानों और केवल दो-तीन राज्यों में ही इस दिशा में पहल की गई है, लेकिन यह व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना समय की मांग है। सांसद ने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवकाश पर स्पष्ट नीति तैयार की जाए, जिसमें असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को भी शामिल किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेज की छात्राओं के लिए भी आवश्यक प्रावधान किये जाएं, ताकि उन्हें शारीरिक और मानसिक तनाव से राहत मिल सके। सांसद ने इस विषय पर व्यापक सर्वे, चिकित्सीय अध्ययन और एक समग्र प्रक्रिया शुरू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी आधुनिक लोकतंत्र में महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता, और मासिक धर्म अवकाश महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और समान अधिकारों से जुड़ा हुआ विषय है। सांसद की इस मांग को संसद में गंभीरता से सुने जाने की जरूरत बताई जा रही है।

# महेंद्र धनौरिया के राष्ट्रीय पार्षद बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में दौड़ी खुशी की लहर

**धामपुर ( चिंगारी )।** निष्ठा पूर्वक, समर्पण भाव से भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का जन जन तक प्रचार प्रसार करने और प्रत्येक चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले नगर के मोहल्ला खातियान निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनौरिया को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई में दायित्वान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले महेंद्र धनौरिया लगातार पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।



महेंद्र धनौरिया

महेंद्र धनौरिया सर्वप्रथम भाजपा के धामपुर नगर के महामंत्री रहे। इसके पश्चात नगर अध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, कई जिलों के प्रभारी रहने के दौरान उन्हें पार्टी ने भूमि विकास बैंक के मुरादाबाद मण्डल के डायरेक्टर का पदभार दिया इन सभी दायित्वों को निष्ठा पूर्वक निभाते हुए उन्होंने भाजपा में राष्ट्रीय परिषद का सदस्य का दायित्व ग्रहण किया। महेंद्र धनौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनको राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाकर जो मान सम्मान बढ़ाया है उसका मैं सदा आभारी रहूंगा मैं पार्टी को विश्वास दिलाता हूं कि संगठन के हर आदेश का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन करूंगा।

# दो बाइकें आमने-सामने टकराईं एक की मौत, दूसरे के चोट आई

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दो बाइकों की भीषण टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सोमवार भेल सेक्टर 4 स्थित पीएनबी बैंक के पास अचानक सामने से आ रही दो बाइक आपस में टकरा गई। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और इन पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर एसएसआई नितिन चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत मेला अस्पताल भिजवाया गया, जहां अंकित कुमार (25 वर्ष) पुत्र रनवीर सिंह निवासी लेबर कॉलोनी सेक्टर 5 भेल रानीपुर को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल राजेश पुत्र राधे राम निवासी टिहरी विस्थापित कॉलोनी रानीपुर को डाक्टरों ने रैफर कर दिया है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने देर रात तक की जनसुनवाई अधिकतर समस्याएं मौके पर ही निपटाई

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार ऋषिकेश तहसील परिसर में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 326 फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी समस्याएं सुनी और अधिकांश शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान किया। शेष मामलों पर अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में समाधान के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं को गंभीरता से ले और प्राथमिकता पर उनका समाधान सुनिश्चित करें। जन सुनवाई के दौरान लोगों ने पेयजल, सड़क, भूमि विवाद, प्रमाण पत्र निर्गमन, पेंशन, खाता खतौनी, राजस्व संबंधी मुद्दों सहित विभिन्न समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है। सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण करना है। जनता और प्रशासन के बीच संवाद मजबूत होने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। शाम 7:30 तक नान स्टाप मैराथन जन सुनवाई में कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हुआ। जन सुनवाई के दौरान ऋषिकेश विधायक प्रेम चन्द्र अग्रवाल, महापौर शंभू पासवान, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, सीएमओ डॉ. एमके शर्मा, एसडीएम योगेश मेहरा, पीडी डीआरडीए विक्रम सिंह, डीडीओ सुनील कुमार, नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# कोहरे ने वाहनों की रफ्तार धीमी कराई लोगों ने अलाव जलाकर ठंड भगाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** आज प्रात: से नगर में घने कोहरे और शीत लहर ने जहां वाहनों की रफ्तार को धीमा कर दिया है, वही लोग इससे बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। कोहरे के कारण आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। प्रात: काल घने कोहरे की धुंध इतनी ज्यादा थी कि ई रिक्शा चालकों को रिक्शा में सवारी बैठाकर स्टेशन या रोडवेज बस स्टैंड तक छोड़ने जाने के लिए भी लाइटों का सहारा लेना पड़ा। घने कोहरे के कारण हाथ भी सुन होकर रह गए हैं। ऐसे में मिस्त्रियों को ठंड दूर करने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। नगर में कई स्थानों पर व्यापारियों ने स्वयं अलाव जलाकर ठंड दूर करने का प्रयास किया।



घने कोहरे और शीत लहर के बीच अलाव जलाकर हाथ तापते हुए युवक।

उधर, घने कोहरे और शीत लहर के कारण ठंड बढ़ जाने से रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करने वाले का व्यापार बढ़ गया है। महिलाएं धुंध और ठंड को देखते हुए बच्चों के लिए मोजे, मफलर, ग्लव्स, जैकेट व अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं।

# धामपुर शुगर मिल ने जनहित के कार्य कराये मिर्ज़ापुर पल्ला में सोलर लाइट व हैण्डपंप लगवाये

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल प्रबंधन ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर पल्ला में सोलर लाइट लगवाने के साथ हैंड पंम्पो को भी गांव में विभिन्न स्थानों पर लगवाया। इस अवसर पर मिल के उपाध्यक्ष (यूनिट हेड) निष्काम गुप्ता एवं ग्राम प्रधान मो. महमूद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा सामाजिक दायित्वों के तहत 7 सोलर लाइट एवं 7 हैंडपंप ग्राम मिर्जापुर पल्ला में सार्वजनिक स्थलों प्राथमिक विद्यालय, ईदगाह, नई एवं पुरानी मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान, जनाजा स्थल पर लगाए गए हैं।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय ग्राम मिर्जापुर पल्ला में आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार एवं डॉ. दिलशाद की अगुवाई में बच्चों ने स्वागत गीत एवं सामूहिक राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। लोकार्पण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मो. महमूद ने कहा कि वह धामपुर शुगर मिल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने उनके निवेदन पर गांव में सोलर लाइट एवं हैंड पंप स्थापित करवाये हैं।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह ने ग्राम वासियों को समय-समय पर जरूरत पड़ने पर सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर दिलशाद, मोहम्मद इब्राहिम, मौलाना आसिफ एवं मोहम्मद कयूम आदि ने भी विचार रखें।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने शीघ्र ही प्राथमिक विद्यालय में टिन शेड का निर्माण तथा बेंच बनाने के लिए आश्वासन दिया, ताकि विद्यालय के बच्चे एक जगह बैठ करके लंच कर सकें। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करने के लिए भी आश्वासन दिया।



धामपुर शुगर मिल के द्वारा सोलर लाइट एवं हैंड पंप का ग्राम मिर्जापुर पल्ला में लोकार्पण।

### इनकी उपस्थिति रही

**लोकार्पण कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ललित कुमार, मोनिका, पारुल, शिखा, रचना, बबीता देवी, सईद अहमद, साजिद, कासिम, यूनुस, मोहम्मद अली, इस्लामुद्दीन, इस्लामुद्दीन, मेराज हसन, शादाब, डॉक्टर सादिक, रईस एवं धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से अरुण चौहान, विवेक सिंह यादव, विनोद सिंह राणा, वीरेंद्र सुपरवाइजर, अजय पांडेय, सुरजन सिंह भूरे, पप्पू, राजेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।**

# अवैध खनन का परिवहन करने वाले वाहनों पर अंकुश लगायें- एडीएम



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में अवैध खनन, परिवहन, ओवर लोडिंग पर पूर्णतया अंकुश लगाए जाने के लिए बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर वन, पंचायत राज, उप संभागीय परिवहन, लोनिवि, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि मिट्टी उठान के लिए केवल आवश्यकता के अनुसार ही इसकी अनुमति प्रदान करें। उन्होंने बताया कि खनन का परिवहन केवल पंजीकृत वाहनों द्वारा ही कराया जाएगा, कोई भी अपंजीकृत वाहन खनन का परिवहन करते हुए संज्ञान में आए तो तत्काल उसको जब्त कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें तथा गलत नम्बर प्लेट लगाकर अवैध खनन करने वाले वाहनों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित चेक प्वाइंट्स पर निरंतर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाएं और उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन से संबंधित बकाया धनराशि यथाशीघ्र जमा कराना सुनिश्चित करें।

# तिसोतरा में 27 व 28 को लगेगा सती मेला

**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम मौहम्मद अलीपुर द्वारका (तिसोतरा) में 27 तथा 28 दिसम्बर को दो दिवसीय सती मेले का आयोजन होगा। प्रतिवर्ष तिसोतरा-कामराजपुर मार्ग पर लगने वाला दो दिवसीय सती मेला पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तथा अष्टमी तिथि को आयोजित होता है। यहां स्थित सती माता मंदिर के प्रति लोगों की भारी श्रद्धा है। मान्यता है कि सती माता की कृपा से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है तथा सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। श्रद्धालु पुत्रों की शादी तथा पौत्र रत्न प्राप्त होने की खुशी में मंदिर पर कुंडारे लगाते हैं। गांव की युवतियां भी पुत्र रत्न प्राप्त होने पर अपने पति तथा ससुराल वालों के साथ यहां कुंडारे लगाने आती हैं। जिन घरों में कुंडारे लगाये जाते हैं, वहां दावतों का आयोजन भी होता है। गांव की जो युवतियां पुत्र रत्न प्राप्त होने पर कुंडारे लगाने आती हैं, वे भी अपने मायके में दावत का आयोजन करती हैं। उनकी दावतों में ससुराल पक्ष और मायके पक्ष दोनों जगहों के व्यक्ति शामिल होते हैं।



पंडित मनोज शर्मा

बच्चे झूलों पर जी भरकर झूलते हैं। मेला स्थल के समीप ही दंगल का आयोजन भी होता है, जिसमें क्षेत्रीय तथा दूरदराज के पहलवान अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हैं। सती माता मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने बताया कि इस बार मेले का आयोजन 27 तथा 28 दिसम्बर को होगा।

# पुलकित हॉस्पिटल ने दयालवाला में आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बिजनौर (चिंगारी)।** बैराज रोड स्थित पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा ग्राम दयालवाला में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हॉस्पिटल की ओर से मरीजों का परीक्षण कर दवायें भी नि:शुल्क दी गईं। डा. सुधांशु, डा. कामिल, डा. दिग्विजय सिंह, डा. इकबाल, प्रीति नेहरा, रिक्की सिंह का विशेष सहयोग रहा। ग्राम प्रधान लाल सिंह तथा ग्रामवासी शौसिंह व राकेश कुमार ने भी सहयोग किया। बता दें कि पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही हॉस्पिटल के एमडी डा. हरीश मित्तल द्वारा हर मंगलवार व शनिवार को प्रात: 8:00 बजे से 11:00 बजे तक हॉस्पिटल में चैरिटी की जाती है, जिसमें रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण किया जाता है तथा दवाइयां भी हॉस्पिटल की ओर से दी जाती हैं।

# छात्रों को जर्सियां वितरित कीं



**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में पीबीएफ के अन्तर्गत 70 छात्र-छात्राओं को जर्सियों का वितरण किया गया। प्रबंधक कावेन्द्र सिंह एड. तथा प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि बच्चे इन जर्सियों को पहनकर ठंड से बचाव करें तथा खूब मेहनत से पढ़कर परिवार की आर्थिक विपन्नता को सम्पन्नता में परिवर्तित करें। वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, संजय कुमार सिंह, अश्वनी कुमार, भीमसैन हल्दिया, नवनीत मिश्रा, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिजनौर क्लब में 21 दिसम्बर को पुष्प प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर क्लब बिजनौर एवं टेरस एण्ड किचन गार्डन एसोसिएशन बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसम्बर, रविवार को बिजनौर क्लब में पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रदर्शनी का थीम पुष्प गुलदाऊदी रहेगा। इस प्रतियोगिता में एक वर्ग नये पुष्प प्रेमियों के लिये भी रहेगा। अन्य वर्गों में कोई भी व्यक्ति (तकनीकी दक्षता रखने वाला) भाग ले सकता है।

बिजनौर क्लब के सचिव पारस अग्रवाल एवं टेरस एण्ड किचन गार्डन एसोसिएशन के मुकेश भटनागर एडवोकेट तथा सलिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुष्प प्रदर्शनी एवं बिजनौर क्लब प्रांगण में दोपहर 1:30 बजे से 6:00 बजे आयोजित की जायेगी। प्रविष्टि का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक है। इस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों में पौधों, पुष्पों व प्रकृति के प्रति आकर्षण व जागरूकता पैदा करना है।

# अरमान ने खुद को सिद्धार्थ बताकर महिला से संबंध बनाये, जेल जाना पड़ा

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** अरमान ने खुद को सिद्धार्थ बताकर एक गैर संप्रदाय की एक महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा शारीरिक संबंध बनाकर मारपीट करते हुए फरार हो गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हरियाणा के गुरुग्राम निवासी विवाहिता की एक वीडियो कुछ दिन पूर्व वायरल हुई थी, जिसमें उसने एक युवक पर पहचान छुपाकर संबंध बनाने तथा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। रविवार को महिला ने थाना कोतवाली देहात पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी थी। महिला ने बताया कि युवक अरमान ने अपना नाम सिद्धार्थ बताया और उसे प्रेम जाल में लिया। वह महिला को अलग-अलग स्थान पर ले गया तथा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने महिला से सोने की अंगूठी तथा टॉप्स भी ले लिए। बाद में वह महिला के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने लगा। उसने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी युवक सिद्धार्थ उर्फ अरमान पुत्र आशिक निवासी ग्राम महमूदपुर नारायण के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार न्यायलय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# मांग पूरी न होने पर सेक्रेट्रियों ने एडीओ को डोंगल सौंपे

## पंचायतों के आहरण-वितरण का कार्य ठप्प

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** ऑनलाइन उपस्थिति एवं गैर विभागीय कार्य कराए जाने के विरोध में संगठन के प्रांतीय आह्वान पर पंचायत सचिवों के चल रहे शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के बावजूद मांग पूरी न हो पाने पर सोमवार को अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के पंचायत सचिवों ने पूर्व घोषणानुसार अपनी-अपनी पंचायतों के डोंगल सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ललित प्रताप सिंह को सौंप दिये। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली मंसूरी, ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह व समन्वय समिति के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी मांगें अभी तक पूरी नहीं की गई हैं, जिसके चलते पूर्व में दिए गए ज्ञापन में अंकित बिंदुओं के अनुसार आंदोलन जारी रखा गया है। उन्होंने बताया कि अफजलगढ़ ब्लॉक में सोमवार को कुल 16 डीएससी/डोंगल जमा किए गए हैं। इस अवसर पर इरफान अली मंसूरी, नौबहार सिंह, सहदेव सारथी, शैलेंद्र प्रताप सिंह, आशीष चौहान, नरेश कुमार, नाजिम मलिक आदि पंचायत सचिव उपस्थित रहे।



एडीओ को डोंगल सौंपते पंचायत सचिव।

# परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

## परीक्षा के बीच में ही प्रश्न पत्र में कराया गया था सुधार

## बीएलओ ड्यूटी व शिक्षक प्रशिक्षण में उलझे रहे शिक्षक

**बिजनौर (चिंगारी)। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की अर्धवार्षिक परीक्षा प्रश्न-पत्रों में सुधार के साथ आज संपन्न हो गई। परीक्षा के दौरान शिक्षक बीएलओ ड्यूटी व शिक्षक प्रशिक्षण से जूझते रहे। अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न होने पर शिक्षकों ने राहत की सांस ली है।**

परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में 11 नवंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू करने के निर्देश दिये गये थे। 13 नवंबर को जवाहर नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा होने के बाद मंगलवार को कक्षा 5 का प्रश्न-पत्र कराया गया। प्रश्न-पत्रों में त्रुटि होने पर शिक्षकों ने विरोध जताया था, जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने भी नाराजगी जताई थी। परीक्षा के बीच में ही प्रश्न-पत्रों में सुधार कराया गया। अर्धवार्षिक परीक्षा पर सभी विकास क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों को नज़र रखने के निर्देश दिये गये थे। परीक्षा के दौरान अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ में होने पर शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी बीच जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षकों का एकीकृत प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया। काफी संख्या में शिक्षक प्रशिक्षण लेने डायट इस्माईलपुर भी चले गए। शिक्षकों को परीक्षा कराने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले के शिक्षकों को उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करने तथा परीक्षाफल तैयार करने के निर्देश दिये हैं। परीक्षा के दौरान छात्रों में उत्साह दिखाई दिया। कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर कराई गई परीक्षा से ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक भी खुश नज़र आए। स्कूलों में शिक्षा का अच्छा माहौल तैयार करने के लिए परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

### शिक्षकों की बैठक कल

**उत्तर प्रदेश प्राथमिक कल्याण परिषद की बैठक 17 दिसम्बर को 10:30 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होगी। परिषद के जिला महामंत्री मास्टर कल्याण सिंह ने बताया कि जयवीर सेवानिवृत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक मांग-पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा।**

# डैम का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं वन कर्मचारी



टूटी पड़ी पाइपलाइन।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। कालागढ़ के सैंडल बांध पर स्थित वन्य चौकी में तैनात वनकर्मियों की हालत वन विभाग की घोर लापरवाही और प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर कर रही है। बीते दो माह से चौकी को पेयजल उपलब्ध कराने वाला मोटर पंप खराब पड़ा है। जबकि पाइपलाइन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके बावजूद जिम्मेदार वन अधिकारियों द्वारा अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।**

जानकारी के मुताबिक पेयजल व्यवस्था ठप होने के कारण वनकर्मियों को मजबूरी में डैम के जलाशय का असुरक्षित और गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। वनकर्मियों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूर्व में विभागीय अधिकारियों द्वारा बजट उपलब्ध न होने का हवाला देकर पंप की मरम्मत टाल दी जा रही है। सवाल उठता है कि करोड़ों रुपये के बजट और योजनाओं की बात करने वाला वन विभाग अपने ही फील्ड में तैनात कर्मचारियों के लिए पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। चौकी पर मौजूद वनकर्मियों ने उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। पूरे प्रकरण में सबसे ज्यादा हास्यप्रस्थ बात यह है कि संबंधित ठेकेदार ने बताया कि जब उसने कुछ वर्ष पूर्व वह पाइप लाइन और मोटर लगाया था, उसका भुगतान भी विभाग द्वारा आज तक नहीं किया गया है। इस संबंध में नवआगंतुक उपप्रभागीय वन अधिकारी कालागढ़ अमित ग्वासी कोटी का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, वह आज पता कर, पंप को जल्द ठीक करने का प्रयास करेंगे।



# एनसीसी कैडेट्स का लीडरशिप एंड टीम बिल्डिंग कैंप 4 का उत्तरकाशी में शुभारम्भ

बिजनौर (चिंगारी)। एनसीसी कैडेट्स का लीडरशिप एंड टीम बिल्डिंग कैंप -4 उत्तरकाशी (उत्तराखंड) स्थित नेहरू इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग में आयोजन प्रवीण कुमार ने किया। कैम्प की कमान कर्नल अंशुमन भदोरिया ने संभाली। कैंप के लिए ग्रुप हेड क्वार्टर बरेली नोडल ग्रुप के रूप में नियुक्त हुआ। कैंप में कुल 30 वैकेंसी थी जिसमें बरेली ग्रुप को दो वैकेंसी प्राप्त हुई। ग्रुप हेड क्वार्टर बरेली नोडल ग्रुप ने 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर को नोडल यूनिट के रूप में नियुक्त किया। 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर ने अच्छे तरीके से नेहरू इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी उत्तराखंड के साथ को-ऑर्डिनेट किया और 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के दो एनसीसी कैडेट्स मोहम्मद जुनैद और प्रिंस ने प्रतिभाग किया। कैंप द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लीडरशिप स्किल को बढ़ावा मिलेगा। कैंप के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और साहसिक कार्य किए गए। कैंप में चौरंगी खाल से नचिकेता ताल की देवड़ा चीड़ और बुरांश के जंगलों के बीच स्थित है। यह रास्ता लगभग 3 किलोमीटर है, इसमें एनसीसी कैडेट्स ने अच्छे तरीके से ट्रैकिंग का कार्य किया। इसके अतिरिक्त नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मार्केटिंग से विमलेश्वर टेंपल तक भी ट्रैकिंग किया जो एक बहुत लंबा रास्ता है। इस प्रकार के कार्यों को करने के बाद एनसीसी कैडेट्स में एक नेतृत्व और टीम भावना का विकास हुआ। इन दोनों कैडेट्स ने अपना कैंप पूर्ण कर 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर तथा बरेली ग्रुप हैडक्वाटर का नाम रोशन किया। कैंप का क्लोजिंग एड्रेस कर्नल मनोज दास 3 यूके बटालियन एनसीसी उत्तरकाशी उत्तराखंड के द्वारा किया गया।

# रोडवेज़ बसों में यदि मिले 5 से अधिक बेटिकट, तो टीआई को भी झेलना पड़ेगा संकट

## डिपो के एआरएम के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में बिना टिकट यात्रा करना अब न केवल यात्रियों को भारी पड़ेगा बल्कि टीआई व डिपो के एआरएम को भी परेशानी झेलनी पड़ेगी। मुख्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी बस में पांच या उससे अधिक बिना टिकट यात्री पकड़े जाते हैं और प्रवर्तन में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित टीआई (ट्रैफिक इंस्पेक्टर) के साथ-साथ डिपो के एआरएम के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय द्वारा हाल में की गई समीक्षा में सामने आया है कि कई मामलों में मुख्यालय स्क्वॉड (एचक्यू स्क्वॉड) द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अपर प्रबंध निदेशक रामसिंह वर्मा ने प्रदेश भर के क्षेत्रीय प्रबंधकों (आरएम) और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों (एआरएम) को भेजे आदेश में कहा है कि जहां एचक्यू स्क्वॉड ने कार्रवाई नहीं की और बाद में एआरएम या क्षेत्रीय स्क्वॉड को पांच से अधिक बिना टिकट यात्री मिले, वहां संबंधित एचक्यू स्क्वॉड को तुरंत हटाते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिन मामलों में एचक्यू स्क्वॉड ने कार्रवाई की है, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित एआरएम पर भी कार्रवाई होगी। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस सख्ती से न केवल राजस्व में सुधार होगा, बल्कि प्रवर्तन व्यवस्था की विश्वसनीयता और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। बिजनौर एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यालय से पत्र मिल गया है। नये नियम से चैकिंग व्यवस्था में सुधार होगा।

# टूर्नामेंट में सहयोग करने वाले सम्मानित



वरिष्ठ समाजसेवी श्री गोविन्द मित्तल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते टूर्नामेंट आयोजक

**चांदपुर (चिंगारी)।** चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विगत दिनों सम्पन्न हुए बाबू कैलाशचंद्र मित्तल एवं इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल नार्थ जोन विवेक हॉकी टूर्नामेंट में सहयोग करने के लिए अनेक लोगों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कल शाम हिन्दू इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी की ओर से सर्वश्री गोविन्द मित्तल, टूर्नामेंट आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गुरु कमलेश यादव, अफजल फारूकी, रफी उल जमा अर्शी के साथ-साथ पत्रकारों व सोसायटी से जुड़े सभी लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने चांदपुर में नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन कराने के लिए चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी से जुड़े लोगों को बधाई दी तथा भविष्य में भी नगर में हॉकी टूर्नामेंट कराने का आह्वान करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह से अपना सहयोग देते रहेंगे। इस अवसर पर हिन्दू इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विनेश त्यागी, कालेज के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा, जगत शर्मा, सोसायटी के अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार, अफजल फारूकी, नफीस अहमद, रऊफ अहमद, मेहर आलम, राहुल खन्ना, मौ. इमरान आदि भी मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड में एक कप चाय, बनी मानवीय संवेदना का पर्याय

**धामपुर (चिंगारी)।** सर्दी के इस कठोर मौसम में जब ठिठुरन आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, ऐसे समय में राधे-राधे सेवादल द्वारा श्री सनातन धर्म सभा, शिव मंदिर, पंजाबी कॉलोनी धामपुर के तत्वावधान में नगीना चौक, धामपुर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क चाय सेवा का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक संचालित की जा रही है।



इस सेवा का उद्देश्य उन लोगों को सर्दी से कुछ राहत पहुंचाना है, जो मजबूरीवश सेवा, कार्य, व्यवसाय, पढ़ाई अथवा अन्य आवश्यक कारणों से सुबह-सुबह घरों से बाहर निकलते हैं। कोहरे और ठंड के बीच एक कप गर्म चाय उनके लिए केवल पेय नहीं, बल्कि अपनापन और मानवीय संवेदना का प्रतीक बन जाती है।


उल्लेखनीय है कि यह सेवा पिछले आठ वर्षों से निरंतर चलाई जा रही है। इस सेवा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें न कोई अध्यक्ष है, न सचिव, न महासचिव बस कुछ सेवा-भाव से जुड़े लोग हैं, जो आपस में मिलकर इसे सादगी और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। न कोई नाम की चाह, न किसी प्रकार का प्रचार- दानदाता भी प्रभु की कृपा से स्वयं जुड़ते चले जाते हैं और बिना नाम उजागर किए सहयोग करते हैं।

नगीना चौक पर प्रतिदिन इस सेवा के अंतर्गत बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, श्रमिकों, राहगीरों, रिक्शा चालकों, ठेलेवालों और आम नागरिकों को गर्म चाय वितरित की जा रही है। ठंड से कांपते हाथों में जब चाय का कप पहुंचता है, तो चेहरों पर जो संतोष और सुकून झलकता है, वही इस सेवा की वास्तविक सफलता है।



इस पुनीत कार्य में उपस्थित रहने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त हो रहा है, जो स्वयं में गर्व और आत्मिक संतोष का विषय है।

राधे-राधे सेवादल द्वारा संचालित यह निःशुल्क चाय सेवा निःस्वार्थ सामाजिक सेवा का जीवंत उदाहरण है। आम जनमानस से अपील है कि अधिक से अधिक लोग इस सेवा से जुड़ें, सहयोग करें और मानवता के इस कार्य को आगे बढ़ाने में सहभागी बनें।



इस सेवा में सभी का सादर स्वागत है।

**सेवक : दीपेंद्र सिंह चौहान**



## यूपी : जल्द हो सकता है योगी कैबिनेट का विस्तार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** भाजपा ने जिस तरह से प्रदेश संगठन में पिछड़ी जाति के नये 'चौधरी' को कमान देकर विपक्ष के पीडीए समीकरण की काट की, जमीन तैयार करने का संदेश दिया है, अब उसी तर्ज पर प्रदेश सरकार में भी बदलाव की कवायद की तैयारी है। हालांकि, मंत्रिमंडल विस्तार कब होगा और स्वरूप क्या होगा, इस पर सभी ने चुप्पी साध रखी है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि लखनऊ से लेकर दिल्ली तक मंत्रिमंडल विस्तार में पीडीए समीकरण को दुरुस्त करने का खाका तैयार करने पर मंथन शुरू हो गया है। यूं तो मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा पिछले साल अक्तूबर में पार्टी के संगठन पर्व के आगाज के साथ शुरू हो गई थी, लेकिन इसकी तस्वीर पर अब तक धुंध छाई है। चूंकि संगठन पर्व का समापन हो चुका है और पार्टी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है, इसलिए अब फिर से योगी-2 की टीम में बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। बदले सियासी परिवेश में संभावित मंत्रिमंडल के बदलाव में सबसे ज्यादा चर्चा जातीय समीकरण पर है।

## हेजलमून स्कूल में हुई बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता

**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में इंटर हाउस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एमरल्ड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बोर्ड डेकोरेशन में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की थीम 'क्रिसमस और न्यू ईयर रेज़ल्यूशन' तथा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की थीम 'मेंटल हेल्थ एंड अवेयरनेस तथा विकसित भारत' रखी गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमरल्ड हाउस, द्वितीय स्थान कार्नेलियन हाउस, तृतीय स्थान सिट्रिन हाउस को प्राप्त हुआ। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों की रचनात्मक सोच को विकसित करती हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सफलता लेकर आए। प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने नववर्ष के संदेश में विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नये वर्ष में अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने का संकल्प लें।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or
YOU CAN SAVE
₹20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



# कच्ची हल्दी के औषधीय गुण

## सर्दी-खांसी मिटाए, मोच-सूजन में आराम पहुंचाए, जोड़ों का दर्द कम करे, बिना उबाले न खाएं

"कच्ची हल्दी को काटने पर अलग तरह की खुशबू आती है। आयुर्वेद में हल्दी को कर्पूरहरिद्रा और आम्रगन्धिहरिद्रा भी कहा गया है। कर्पूरहरिद्रा यानी हल्दी में कपूर जैसी महक आती है और आम्रगन्धिहरिद्रा यानी हल्दी में आम जैसी सुगंध भी आती है। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के द्रव्यगुण विभाग के प्रोफेसर डॉ. भुवाल राम बताते हैं कि सूखी हल्दी के पाउडर के मुकाबले कच्ची हल्दी में औषधीय गुण अधिक होते हैं। हालांकि हल्दी कच्ची हो या सूखी दोनों में मिनरल्स और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर होते हैं। इसमें मैंगनीज, कैल्सियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, सेलेनियम, सोडियम, जिंक, आयरन, कॉपर, पोटैशियम, फाइबर, विटामिन $B_3$, $B_6$, कोलीन, फोलेट, विटामिन C, विटामिन् पाया जाता है। लेकिन सबसे खास इंग्रेडिएंट है 'करक्यूमिन'। सूखी खांसी में कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करना चाहिए। कच्ची हल्दी को ग्राइंड कर लें और उसमें एक चम्मच घी मिलाकर लें तो सर्दी-खांसी दूर हो जाती है।"

### फूड पॉइजनिंग से बचाती है कच्ची हल्दी

कच्ची हल्दी खाने से डाइजेशन बेहतर होता है। पेट में मरोड़, ऐंठन होने पर भी कच्ची हल्दी खाएं। कच्ची हल्दी को आयुर्वेद में वेदनास्थापन या वेदना नाड़ी शून्य भी कहा गया है। पेट में अल्सर होने की स्थिति में भी कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करना चाहिए। ब्रिटिश मेडिल जर्नल (BMC) में छपी रिपोर्ट 'कंप्लीमेंट्री एंड एल्टरनेटिव मेडिसिन' के अनुसार, लिवर ठीक ढंग से काम करे, इसके लिए कच्ची हल्दी बहुत उपयोगी है। यह लिवर एंजाइम्स को बढ़ाता है। 'द आर्काइव्स ऑफ न्यूट्रिशन' में बताया गया है कि हल्दी फैटी लिवर में भी काम करती है।

### कच्ची हल्दी है नेचुरल पेनकिलर

हाथ-पैर या शरीर में कहीं चोट लग जाए या मोच आ जाए तो हल्दी-चूना का लेप चढ़ाया जाता है। यह सबसे बढ़िया नेचुरल पेनकिलर है। क्या आपने कभी गौर किया है कि हल्दी के साथ चूना मिलाने पर इसका रंग लाल क्यों हो जाता है। इसका कारण यह है कि हल्दी चूने के संपर्क में आते ही कोई भी दो फेनोलिक प्रोटोन को न्यूट्रलाइज कर देता है। यह तब पीले रंग के ओरिजिनल बेंजेनोएड स्ट्रक्चर को लाल रंग के क्विनोनोएड स्ट्रक्चर में बदल देता है। रेड कलर का वेवलेंथ पीले रंग से अधिक होता है। यही कारण है कि चूने के साथ मिलते ही हल्दी पीले से लाल रंग में बदल जाती है।

> "कच्ची हल्दी हो या सूखी हल्दी का पाउडर, दोनों स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। सीजन में कच्ची हल्दी का इस्तेमाल जरूर करें। बड़े के मुकाबले बच्चों को कच्ची हल्दी थोड़ी मात्रा में दें।




### दूध के साथ कच्ची हल्दी उबालकर पिएं

कच्ची हल्दी के साथ उबले दूध को 'गोल्डन मिल्क' कहा जाता है। कच्ची हल्दी को पीसकर दूध में मिला दें और इसे एक उबाल आने तक गर्म करें। ऐसा दूध पीने से शरीर कई बीमारियों और खासकर सीजनल फ्लू, खांसी से दूर रहता है। बच्चों को तो कच्ची हल्दी मिलाकर दूध जरूर पिलाना चाहिए। खासकर उन बच्चों को जिनको सांस से जुड़ी परेशानियां हैं। बच्चों को देने के लिए हरिद्रा खंड तैयार किया जाता है यानी हल्दी, गुड़, खांड से बनी औषधि।

### घी के साथ मिलाकर खाएं, इम्यूनिटी बढ़ेगी

कच्ची हल्दी बहुत कम मिलती है, इसलिए इसका इस्तेमाल कम है। लेकिन जब भी सीजन में कच्ची हल्दी मिले तो स्वास्थ्य लाभ के लिए इसका इस्तेमाल करना चाहिए। कच्ची हल्दी को उबालकर एक चम्मच घी के साथ सुबह पिएं, इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है।

### कच्ची हल्दी धूप से स्किन को बचाए

कच्ची हल्दी नेचुरल सनस्क्रीन लोशन है। स्किन का नेचुरल कलर बनाए रखने के गुण के कारण ही हल्दी को वरवर्णिनी (सुंदर चमकती त्वचा के लिए), कान्चनी और योषितप्रिया कहा गया है। योषितप्रिया का मतलब है उबटन लगाने और स्त्री रोगों में लाभ पहुंचाने वाला।

कच्ची हल्दी का अचार लाजवाब होता है:- कच्ची हल्दी का अचार खाने में टेस्टी तो होता ही है, इसमें औषधीय गुण भी होते हैं।

### कैसे बनाएं कच्ची हल्दी का अचार

- हल्दी को पानी से धोकर साफ कर लें
- थोड़ी देर के लिए धूप में सूखने दीजिए
- छिली हल्दी को बारीक काट लीजिए
- सरसों का तेल कढ़ाई में डालकर गर्म करें
- इसमें हींग, मेथी और सारे मसाले के साथ हल्दी डालें
- हल्दी के मिक्सचर को नींबू का रस मिलाएं
- इसे अच्छी तरह मिला दें
- हल्दी के अचार को कंटेनर में रखें
- दो दिनों तक धूप में रखें
- हल्दी का अचार खाने के लिए तैयार है



### करक्यूमिन से हल्दी का रंग पीला

करक्यूमिन एक पॉलिफेनोल कंपाउंड है जिसकी वजह से ही हल्दी को पीला रंग मिलता है। इसमें एंटी इंफ्लैमेटरी गुण होते हैं। यानी शरीर में जलन, सूजन, दर्द, इंफेक्शन जैसी समस्याओं में राहत देने का काम करता है। चूंकि कच्ची हल्दी में करक्यूमिन अधिक होता है, इसलिए इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

### डायबिटीज रोग में कच्ची हल्दी दी जाती है

हल्दी का इस्तेमाल किडनी की बीमारियों में किया जाता है। डायबिटीज मरीजों में यह ब्लड शुगर लेवल को कम करती है। कच्ची हल्दी को ब्लड प्यूरीफाइर भी कहा गया है।

क्या हल्दी का पानी पीना चाहिए:- क्या कच्ची हल्दी को रातभर पानी में डुबोकर रखने और सुबह में उसे छानकर पिया जा सकता है? इस सवाल पर डॉ. भुवाल राम ने बताया कि हल्दी का पानी नहीं पीना चाहिए, इसका कोई फायदा नहीं होता, इसे उबालकर ही पीना चाहिए।

# गरीब व असहायों के प्रति समर्पण भाव रखने को प्रेरित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज (कोटद्वार मार्ग) में समर्पण निधि पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष), वन्दना कोटनाला (कल्याणी फाउण्डेशन) एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। आचार्य संजय सिंह ने अतिथिगणों का परिचय कराया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने भैया-बहिनों को समर्पण की भावना से परिचित कराते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। वन्दना कोटनाला ने भी भैया- बहिनों को गरीब एवं असहाय लोगों के प्रति समर्पण भाव रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद भारत माता के पूजन करते हुए अतिथि गणों, सभी कक्षाचार्य बंधु-बहिनों ने कक्षावार समर्पण राशि भारत माता के चरणों में समर्पित की। पूर्व छात्र-



मेडल पहनाकर सम्मानित किये गये बच्चे।

छात्राओं में भैया प्रत्युष, बहिन मानसी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने समाज से समर्पण राशि एकत्रित करने वाले भैया- बहिनों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कुमार, पंकज शर्मा, गोपेन्द्र सिंह, आत्मस्वरूप शर्मा, गौरव कुमार, संजय शर्मा, अनन्त कुमार, नीरज कुमार, घनश्याम सिंह, विवेक प्रताप, सोनू कुमार, संजीव कुमार, आचार्या रजनी टाँक, फूलमाला वर्मा, पूनम रानी, मनु, अर्चना एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरदार वल्लभभाई भाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत रत्न एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर अपना दल (एस) के जिला कैंप कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की सैकड़ों रियासतों को एकीकृत कर भारत को एक मजबूत व अखंड राष्ट्र का स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल संविधान सभा के मौलिक अधिकार एवं अल्पसंख्यक सलाहकार समिति के अध्यक्ष भी रहे। उनके मार्गदर्शन में ही संविधान में नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकारों का सशक्त प्रारूप तैयार किया गया, जिससे देश का लोकतंत्र मजबूत हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नसीम धोबी, अंकुर प्रधान, नईम अहमद, मोबिन वकील, सत्यम सिंह, नरेश, देवेंद्र, यशपाल, हिमांशु, पवन, नरेंद्र सिंह, दुष्यंत ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाते

## कर्णवाल परिवार ने सरभंगा बाबा आश्रम पर कराया भंडारा

नजीबाबाद/चिड़ियापुर (चिंगारी)। यूपी उत्तराखंड बॉर्डर पर चिड़ियापुर में स्थित सरभंग बाबा आश्रम पर मंडावली निवासी अनिल कर्णवाल की ओर से सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। अनिल कर्णवाल ने अपने परिजनों के साथ दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को बड़े ही आदर सत्कार के साथ प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने बड़े प्रेम भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नवीन कर्णवाल, नितिन कर्णवाल, शुभम कर्णवाल, दलीप कर्णवाल, अमित कर्णवाल, गीता कर्णवाल, सुनीता कर्णवाल, रिया कर्णवाल, विशाल कर्णवाल, नरेश कर्णवाल, सुशील वालिया, डॉक्टर ओमप्रकाश, चौधरी वीर सिंह, कामेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, माया देवी, कमला रानी, देवेंद्र शर्मा, कुलदीप सिंह, ब्रिजेश कर्णवाल, अरुण सिंह, कृष्ण, माधव, नीलम कर्णवाल, सारिका कर्णवाल, संयम, काले सिंह, संजय कुमार आदि श्रद्धालु भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के कामगारपुर निवासी जयकुमार पुत्र मामराज सिंह ने रविवार को मंडावली थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के राजन पुत्र वीर सिंह ने उसकी दुकान पर आकर सामान लिया। सामान के पैसे मांगने पर राजन ने पैसे नहीं दिये और गाली गलौज की और जान से मारने की नीयत से चाकू से सीने पर वार किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जयकुमार की तहरीर के आधार पर आरोपी राजन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। पुलिस के द्वारा की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह, एसआई संजय सिंह, कांस्टेबल ब्रिजेश कुमार की टीम ने वांछित आरोपी राजन पुत्र वीर सिंह निवासी कामगारपुर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से चाकू बरामद किया गया है, आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## नबीन नेतृत्व से कार्यकर्ताओं में हुआ नवउत्साह का संचार: तपराज सिंह

### राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष की नवनियुक्ति पर जश्न मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विकास खंड स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में भाजपा परिवार की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष की नवनियुक्ति पर एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी में नितिन नबीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पंकज चौधरी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में नवउत्साह का संचार हो गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि नितिन नबीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी और ज्यादा मजबूत होगी। साथ ही उन्होने कहा कि यदि हम सब कार्यकर्ता एक साथ मिलकर कार्य करें, तो इस बार नजीबाबाद विधानसभा सीट को जीतना भी कोई बड़ी बात नहीं है। ब्लॉक प्रमुख ने सभी कार्यकर्ताओं से यह सीट जीतने के लिये कमर कस लेने का आहवान किया। सभी का उद्देश्य केवल भाजपा की जीत होना चाहिये। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, गजरौला मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रे, मंडल महामंत्री सचिन देशवाल, पूर्व जिला मंत्री ओमकार सिंह, प्रधान वीर सिंह, प्रशांत चौधरी, राहुल हुड्डा, श्रीमती सीमा, श्रीमती गायत्री निराला, आर्य वीरेन्द्र शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते पार्टी कार्यकर्ता।

## संजीव अग्रवाल उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा के संयोजक बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी एवं ट्रस्टियों की एक मीटिंग हापुड़ में चरक मेडिकल कॉलेज में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से जिला बिजनौर के नजीबाबाद निवासी संजीव अग्रवाल को संगठन का उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा का संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने खुद उनके नाम का प्रस्ताव रखा। सभा में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार गर्ग, विनोद पहलवान, महामंत्री अनिल, प्रदीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित सभी पदाधिकारी ने संजीव अग्रवाल के नाम पर अपनी सहमति जताई। संजीव अग्रवाल ने इसके लिए सभी का धन्यवाद दिया। संजीव अग्रवाल ने मीटिंग में जीएसटी विभाग में जिला स्तर पर टर्मिनल कोर्ट की स्थापना एवं खाद्य विभाग द्वारा सैंपल की कार्रवाई में पैकिंग, व अन्य सामान पर व्यापारी एवं डिस्ट्रीब्यूटर को पार्टी न बनाए जाने एवं सीधे तौर पर निर्माता को पार्टी बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया।



## भाजपा का राष्ट्रीय व प्रदेशाध्यक्ष बनने पर मिठाई खिलाई


नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय कार्यकर्ता नदीम सिद्दीकी के सीकेआई चौराहा स्थित एनवी फुटवियर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश का पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष जताया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा की राष्ट्रीय कारिणी का नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर भी खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे भाजपा का संगठन मजबूत होगा। इस मौके पर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता नदीम सिद्दीकी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ठाकुर राजकिशोर सिंह, कार्यकर्ता असलम राजपूत, अतुल रुहेला, पूर्व महामंत्री मतीन पठान, गौरव बिश्नोई, मगन सिंह, फरमान खान, मोहित शर्मा, सुबोध नेगी, माधव गुप्ता आदि मौजूद रहे।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता।

# युवक हुआ आग बबूला गुस्से में कानून को भूला

**नहटौर ( चिंगारी )।** बैंक में पैसे निकालने आये एक युवक ने हंगामा कर दिया। गार्ड द्वारा बैंक से बाहर करने पर उसने पत्थर उठाकर गार्ड पर हमला किया, जिसमें गार्ड बच गया, लेकिन गेट का शीशा टूट गया। बैंक प्रबंधक ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। नहटौर में धामपुर रोड स्थित यूनियन बैंक में पहुंचे एक युवक ने धनराशि निकालने के लिए वाउचर भरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह कैशियर से बहस करने लगा। हंगामा करने पर गार्ड ने उसे बैंक से बाहर जाने को कह दिया। जिस पर वह और अधिक आग बबूला हो गया। गार्ड व अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्र



**बैंक में किया हंगामा शीशा तोड़ा**

भाषा का प्रयोग करते हुए वह बाहर आ गया, उसने पत्थर उठाकर गार्ड पर फेंका, जिसमें गार्ड बाल-बाल बचा। वहीं, पत्थर लगने से बैंक के मुख्य गेट का शीशा टूट गया। अचानक हुई घटना से बैंक में उपस्थित कर्मचारी व ग्राहक सहम गये और जल्दी-जल्दी बाहर की ओर भागने लगे। बैंक के बाहर हंगामा की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर आरोपी युवक फरार हो गया। शाखा प्रबंधक प्रमोद त्रिपाठी ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ने के लिए दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला।

# सुनील प्रधान का स्वागत किया



सुनील प्रधान का स्वागत करते भाकियू के कार्यकर्ता।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार की देर शाम भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नूरपुर पहुंचे, जहां ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए मिल-जुलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों, पीड़ितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है, किसी भी कीमत पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सचिव मास्टर देवेन्द्र सिंह, अशोक धनकड़, प्रशान्त चौधरी, मोनू चौधरी, डॉ. इशरत अली वारसी, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, नासिर मलिक, फ़ुरकान अहमद, मनीष धनकड़, बब्लू आदि मौजूद रहे।

# दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सहारे चल रहा पशु अस्पताल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** यहां बस स्टैंड के सामने राजकीय पशु चिकित्सालय स्थित है, मगर यहां पशुओं का उपचार करने के लिये कोई चिकित्सक नहीं है। चिकित्सक तो छोड़िये, यहां फार्मासिस्ट तक की तैनाती नहीं है। यहां केवल दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात हैं। अब वे क्या कर सकते हैं, आप स्वयं अंदाजा लगा लीजिये। 8-9 वर्ष पूर्व पूर्णकालिक फार्मासिस्ट सतेन्द्र सिंह की तैनाती थी, तब से आज तक इस चिकित्सालय को फार्मासिस्ट नसीब नहीं हुआ है। यहां तैनात पशु चिकित्साधिकारी डा. अंकित चौधरी का भी जून, 2024 में गैर जनपद के लिये स्थानांतरण हो गया था। तब से न यहां कोई पशुचिकित्साधिकारी तैनात है और न ही फार्मासिस्ट। ऐसे में पशु स्वामी प्राइवेट चिकित्सकों से अपने पशुओं का उपचार कराने को मजबूर हैं। पशुपालकों अजय बालियान, संतराम सिंह, सत्यपाल सिंह, सोमवीर सिंह, दिनेश कुमार, अनुज कुमार, प्रमोद कुमार का कहना है कि जब अस्पताल में न डॉक्टर हैं और न फार्मासिस्ट, तो वे पशुओं का उपचार किससे करायें? यहां का अतिरिक्त चार्ज किरतपुर के पशु चिकित्साधिकारी डा. मौ. कासिम को दिया गया है, जो कि कभी-कभार ही यहां आते हैं, क्योंकि उनके पास एक और अस्पताल का अतिरिक्त चार्ज है। क्षेत्रीय पशुपालक इससे परेशान हैं। उन्होंने यहां पूर्णकालिक पशुचिकित्साधिकारी की नियुक्ति की मांग की है। वहीं इस सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. लोकेश अग्रवाल का कहना है कि जिले में पशु चिकित्साधिकारियों तथा फार्मासिस्टों की भारी कमी है। वे कोई तैनाती नहीं कर सकते, उनकी मजबूरी है।


## उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
### औद्योगिक क्षेत्र, चीनी मिल के सामने, बिजनौर-246701

### अल्पकालीन निविदा सूचना

बोर्ड हित में मै. भारतीय प्रजापति माटीकला औ. उ. सह. समि. लि. ग्राम-गल्लाखेड़ी, बिजनौर का सी.एफ.सी. स्थापना हेतु मशीन/उपकरण क्रय (जिगर जोली, सनेटीगेटर, भट्टी स्टील, मोटर, ई-चॉक, जिगर काउंटर एवं मोल्ड) किये जाने हेतु बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 20.12.2025 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, मुरादाबाद मंडल, की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष नियत तिथि को समिति के कार्यशाला में खोली जायेगी।

**जिला ग्रामोद्योग अधिकारी**
**बिजनौर**


# ग्राम पंचायत सचिवों ने अपना डिजिटल डोंगल एडीओ को सौंपा



एडीओ को डोंगल सौंपते ग्राम सचिव।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित अन्य विभागीय कार्यो के विरोध में चल रहे सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के चलते नया कदम उठाया। सोमवार को विकास खण्ड में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों ने अपना डिजिटल सिग्नेचर डोंगल (डीएससी) सहायक विकास अधिकारी पंचायत बाबूराम को सौंप दिया है। साथ ही उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने का आह्वान किया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव नीरज कुमार, गौरव कुमार, पप्पन कुमार, विपिन सैनी, विपिन कुमार, रेखा रानी, रंजीता, दीपक कुमार, रीतिसूदन, मोहित कुमार, मिदहत जालिब आदि सभी ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# स्योहारा पुलिस ने गिरफ़्तार किये पशु चोरी करने वाले दो आरोपी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पुलिस ने पशु चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक भैंस और उसकी कटिया भी बरामद की है। यह कार्रवाई थाना स्योहारा क्षेत्र में पशु चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। पुलिस के अनुसार 14 दिसंबर को सुरेन्द्र सिंह निवासी सदाफल थाना स्योहारा ने थाने पर तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि चोर उनकी भैंस और कटिया चोरी कर ले गए हैं। इस तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा पर बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर इकरामुद्दीन पुत्र मुस्तकीम निवासी सदाफल और सलाउद्दीन पुत्र अब्दुल रशीद निवासी सरकडी के नाम सामने आए। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# उसके आने पे जबसे है पहरा लगा, खुश्बुएं जा चुकी हैं चमन छोड़कर

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में आयोजित मिनी मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम से समां बांध दिया। प्रसिद्ध शायर माजिद शाहिदी के सम्मान में रात्रि आयोजित मिनी मुशायरे का आयोजन काज़ी सराय स्थित राक़िम भवन में किया गया। समाजसेवी डाक्टर दाऊद नूर नगीनवी की अध्यक्षता व बहार शम्सी के संचालन में आयोजित मुशायरे का शुभारंभ शेख

**नगीना में मिनी मुशायरे का आयोजन**

नगीनवी द्वारा माजिद शाहिदी पर दिये व्याख्यान से हुआ। इस मौके पर उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए उनको स्मृति चिन्ह तथा शॉल ओढ़ाकर 'अल्लामा इरफान रुमानी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाफिज नगीनवी ने कहा 'जिनके साए में पनपता था शऊरे हस्ती-वो भटकते हुए दर-दर नहीं देखे जाते।' बहार नगीनवी ने कहा 'मेरे हमसाए की आंखें सवाली हैं कई दिन से- खुदा मेरी रोज़ी ज़रूरत से सिवा कर दे।' माजिद देहलवी ने कहा उसके आने पे जब से है पहरा लगा- खुश्बुएं जा चुकी हैं चमन छोड़कर। अतहर शकील ने कहा 'जितनी नज़र की हद थी गई उसके साथ-साथ- फिर यह हुआ नज़र से नजारा चला गया।' डाक्टर एहतेशाम 'तिश्ना' ने कहा 'मुझपे इल्ज़ाम न रख लब नहीं खोले मैंने- 'मुझसे टकरा के तेरे हाथ का पत्थर चीखा।' डाक्टर मुताहर नबील ने कहा 'जमाने ने सबक ऐसा सिखाया- किताबों का सबक हम भूल बैठे।' डाक्टर दाऊद नूर ने कहा 'हम तो बढ़ेंगे उसकी जानिब, जिसको अदावत हमसे है- दुश्मन को दुश्मन ही रखना अपने बस की बात नहीं।' इस मौके पर डाक्टर मुताहर नबील, तनवीर अख्तर, सादिक अनीस, मुनीर आलम आदि मौजूद रहे।



आयोजित मुशायरे में माजिद शाहिदी को पुरस्कृत करते अतिथि।

# चर्चा व कौतूहल का विषय बना अजगर

**शेरकोट ( चिंगारी )।** कुछ दिन से नगर में खो बैराज के निकट हाईवे किनारे पट पड़ी भूमि पर खड़ी झाड़ियों में घूमता दिखाई दे रहा विशालकाय अजगर सांप क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। कल दोपहर झाड़ियों से बाहर आये अजगर को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस को हाइवे पर जमा भीड़ और वाहनों को हटाना पड़ा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू करने के लिए अभियान चलाया, परंतु सांप घनी झाड़ियों में गुम हो जाने पर टीम को बैरंग लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार खो बैराज और हाइवे के बीच सिंचाई विभाग की तिकोना भूमि पट पड़ी है,जिसमे घनी झाड़ियां खड़ी हैं। कुछ दिन पहले यहां राहगीरों को लगभग 15 फीट लम्बा एक अजगर सांप घूमता दिखाई दिया, जिसकी कुछ युवकों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हालांकि अजगर द्वारा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया, परन्तु उक्त स्थान पर विशाल अजगर होने का पता लगने से क्षेत्रीय लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। इसके बाद से अजगर को एक झलक देखने के लिए यहां राहगीरों व स्थानीय युवाओं की भीड़ लगने लगी। इसके चलते सोमवार की दोपहर उस समय अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया जब अजगर झाड़ियों के बाहर घूमता दिखाई दिया।, इस बात का पता लगते ही भीड़ उमड़ पड़ी और हाइवे पर बड़ी संख्या में राहगीरों व वाहनों के रूक जाने से जाम की स्थिति बन गई। अफरा-तफरी का ये माहौल काफी देर तक बना रहा। मामले का पता लगने पर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को वहां से हटवाया। इस बीच वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और टीम द्वारा अजगर को रेस्क्यू करने के लिए काफी देर तक घनी झाड़ियों में अभियान चलाया, परंतु अजगर नहीं मिल पाया।



## युवकों ने पूंछ पकड़कर खींचा

*अजगर के दिखाई देने पर कुछ युवक गहरे गड्ढे में उतर उसके पास पहुंच गए, जिन्हें देखकर अजगर झाड़ियों में घुसने लगा। इस दौरान कुछ शरारती युवकों ने झाड़ियों में घुसते अजगर को पूंछ पकड़कर बाहर खींच लिया, परन्तु कुछ देर बाद पुनः घनी झाड़ियों में घुस गया। ये नजारा देखकर लोगों के लिए खतरा समझा जा रहा। अजगर सांप खुद खतरे में दिखाई दिया। लोगों का कहना था कि यदि अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचाया गया तो हाइवे पर किसी वाहन की चपेट में आने या किसी के द्वारा कंकर आदि मारे जाने से चोटिल हो जाने पर अजगर की जान पर बन आएगी। उधर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने अजगर को उक्त स्थान से रेस्क्यू कराकर सुरक्षित स्थान पर छुड़वाने की बात कही है।*

## अपनी मांगों को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों ने एडीओ को सौंपे डोंगल

**नहटौर ( चिंगारी )।** विभिन्न मांगों को लेकर विरोध कर रहे ग्राम पंचायत सचिवों ने एडीओ पंचायत को डोंगल सौंप दिये। सोमवार को प्रांतीय आवाहन पर ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी नहटौर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार को डोंगल सौंप दिया। इसके बाद पंचायत का आहरण वितरण का कार्य भी बंद कर दिया है। बता दें कि पंचायत सचिव अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। शासन स्तर द्वारा समस्याओं का समाधान न होने पर पूर्व में घोषित चेतावनी के बाद सचिवों द्वारा डोंगल सौंपने का कार्य किया गया। इस अवसर पर काकेंद्र कुमार, पंकज सैनी, अंतरिक्ष कुमार, विशेष कुमार, दीपांशी शर्मा, दीप अमर राही, बिरेंद्र कुमार, सचिन कुमार, योगेश कुमार सैनी, मुकेश कुमार, कपिल कुमार, जयवीर सिंह, केशव कुमार, राम नील कुमार, प्रियंका राजपूत, अंकित कुमार, मोहन सिंह उपस्थित रहे।

## अमीर नहटौरी को पश्चिम बंगाल में 'अल्लामा शिबली अवार्ड' से नवाजा गया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** 'महफिल-ए-खुशरंग' हावड़ा पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित 13वें वार्षिक सम्मान समारोह में बिजनौर के मशहूर शायर व अदीब अमीर नहटौरी को उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर 'अल्लामा शिबली अवार्ड' से नवाजा गया। ज्ञात हो 'महफिल-ए-खुशरंग' हावड़ा पश्चिम बंगाल द्वारा हर वर्ष देश भर से उर्दू, हिंदी, बंगाली आदि भाषाओं के प्रख्यात शायरों, साहित्यकारों एवं पत्रकारों को कमेटी द्वारा चयनित करके प्रदेश स्तर पर सम्मानित करती है। प्रोफ़ेसर मंसूर आलम, हलीम साबिर, जावेद अहमद खान, इस्माईल परवाज़, इम्तियाज अहमद एडवोकेट, फिरोज मुज़फ्फर देहली व अफ़ज़ल अहमद खान जैसे गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अमीर नहटौरी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि अमीर नहटौरी को अब तक कई बड़े पुरस्कार/अवार्ड मिल चुके हैं। उनके कई ग़ज़ल संग्रह तथा शोध साहित्य पर कई उर्दू पुस्तकें राष्ट्रीय विकास भाषा परिषद दिल्ली के अनुदान से प्रकाशित हो चुकी हैं। अमीर नहटौरी का कहना है कि पश्चिम बंगाल की धरती पर सम्मानित होना उनके लिये गर्व की बात है।

## अब नगीना के एसडीएम होंगे विजय शंकर

**नगीना ( चिंगारी )।** जिला अधिकारी ने नगीना के उपजिलाधिकारी नितिन कुमार का तबादला डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय के लिए कर दिया है, जबकि उनके स्थान पर उपजिलाधिकारी ( न्यायिक ) चांदपुर विजय शंकर को नगीना का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव



**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल किरतपुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अंकित कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की थीम 'आविष्कार' रखी गई। छात्रों ने वंदना, स्वागत गीत, आर्य भट्ट के द्वारा शून्य की खोज, रेल इंजन का आविष्कार, वेदों का महत्व, रोबोट की दुनिया, बिना इंटरनेट के जीवन, चंद्रयान पर आधारित अनेक सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य वक्ता फादर विशप ने कहा कि हमें अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देना होगा। बच्चों में चरित्र निर्माण के लिये अच्छी शिक्षा का होना जरूरी है। कार्यक्रम में विकास राजपूत, सुंदर गोयल, तलहा मकरानी एडवोकेट, मुकेश गोयल, सचिन अग्रवाल, अशोक गुप्ता, आदर्श चौधरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। फादर बीजू एवं प्रिसिंपल सिस्टर निकिता ने अतिथियों का आभार जताया।

## कृषि विभाग ने किया किसान पाठशाला का आयोजन



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत बैरम नगर स्थित राजकीय बीज भंडार पर कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन हुआ, जिसमें किसानों को कृषि योजनाओं के बारे में बताया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने किसानों को सहफसली खेती, प्राकृतिक खेती, कृषक उत्पादक संगठन, कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी तथा किसानों से आग्रह किया कि अपने घरेलू उपयोग हेतु सब्जी उत्पादन अवश्य करें, जिससे पोषण के साथ आय में भी वृद्धि हो सके। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने किसानों को अधिक उत्पादन हेतु संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। किसान पाठशाला में एडीओ अमोल तोमर, सुभाष सिंह, शोभित त्यागी, सतीश, हरिओम, गजराज, रक्षपाल, महेश, नवनीत, रामपाल, सुरेंद्र, यादराम, हरपाल आदि उपस्थित रहें।

## लड़की बरामद नहीं हुई तो थाने पर धरना देगी भाकियू

**नहटौर ( चिंगारी )। लापता किशोरी को बरामद करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट द्वारा थानाध्यक्ष से वार्ता की गई। पदाधिकारियों ने 25 दिसंबर तक किशोरी के बरामद न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।**

सोमवार को भाकियू प्रधान के जिलाध्यक्ष डा. सचिन गुप्ता के नेतृत्व में नहटौर थाने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने 19 सितंबर से लापता मोहल्ला जोशियान निवासी एक व्यक्ति की 15 वर्षीय पुत्री के बरामद न होने पर रोष जताया। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने उन्हें बताया कि किशोरी की तलाश करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और जल्द ही तलाश कर लिया जाएगा। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 25



दिसंबर तक किशोरी की बरामदगी नहीं हुई तो भाकियू तोमर थाने पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर डॉ. नीलम गुप्ता, अमरकांत शर्मा, पंकज शर्मा, सुशील शर्मा, जमशेद आलम, सोनी शर्मा, सौम्या कंसल, तनु शर्मा, नसीम अहमद, अनुज शर्मा, सुंदर सैनी, गोपीचंद, मो. साबिर, कासिम अंसारी, अमरकली, खुर्शीद, नसीम, शमशाद, नजाकत, इमरान, जावेद ब्रजदीप आदि उपस्थित रहें।

# कोटद्वार की महिला से ठगे 9 लाख 57 हजार
# आरोपी गाजियाबाद से हुआ गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने के नाम पर एक महिला से 9.57 लाख की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

सोमवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को स्थानीय निवासी पूनम देवी द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया और उनसे शेयर मार्केट में निवेश कराया गया। उक्त ग्रुप के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा वादिनी से 9.57 लाख की ठगी की गई और कोई लाभ नहीं दिया गया। इससे उन्हें अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ और उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कोटद्वार निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवार के नेतृत्व में गठित पुलिस ने सर्विलांस व बैंक डिटेल आदि माध्यमों से साक्ष्य एकत्रित करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी इस्तियाक अहमद, उम्र-36 वर्ष, पुत्र दीन मोहम्मद, निवासी-सादुल्लाबाद, अलवीनगर, लोनी देहात, जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी- शिव विहार, मदीना मस्जिद, गली नं. 14, थाना करावल नगर, पूर्वी दिल्ली को गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।



कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में साइबर ठगी का आरोपी।

# राजेन्द्र सिंह नेगी को मिला अंबेडकर फैलोशिप अवार्ड

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नई दिल्ली में आयोजित भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 39 वें अधिवेशन में स्वर्गीय सरोजनी देवी लोक विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी को अम्बेडकर फैलोशिप राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। अधिवेशन में यह सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसपी सुमनाक्षर द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए श्री नेगी को दिया गया है।



# धूमधाम से आयोजित किया गया महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस के कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, अति विशिष्ट अतिथि महापौर शैलेंद्र सिंह रावत व पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिल्ली सरकार रामनिवास गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात गाड़ीघाट स्थित गोपाल गोलोक धाम में गोवंश को चारा खिलाकर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में परिधि गुप्ता प्रथम, प्रखर अग्रवाल द्वितीय व राधिका अग्रवाल तृतीय रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता, में कामेश मित्तल प्रथम, एंजल अग्रवाल द्वितीय व किष्का गुप्ता तृतीय रहे। बिंदी प्रतियोगिता में समृद्धि बंसल प्रथम, दक्ष अग्रवाल द्वितीय, वैभव और अर्थव अग्रवाल तृतीय रहे। म्यूजिकल चेयर जूनियर वर्ग में समृद्ध बंसल प्रथम, आरव अग्रवाल द्वितीय व वैभव बंसल तृतीय एवं सीनियर में वेदिका सिंघल, राघव अग्रवाल एवं प्रखर अग्रवाल क्रमशः, प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। महिलाओं की साड़ी ड्रैपिंग प्रतियोगिता में दीप्ति अग्रवाल ने पहला, प्रिया मित्तल ने दूसरा और श्वेता अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं साड़ी पैकिंग प्रतियोगिता में अदिति सिंघल प्रथम, प्रिया मित्तल द्वितीय, कनिका जैन तृतीय रहे। समारोह में बच्चों एवं महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान अदिति अग्रवाल, संजय मित्तल, अमिता गर्ग, कनिका जैन, डॉ.ऋचा जैन, सचिन मित्तल, विकास गुप्ता और नीरज गुप्ता सहित सभा के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# मनोज कुमार चुने गये एसोसिएशन के अध्यक्ष

**लालढांग ( चिंगारी )।** लालढांग मेडिकल एसोसिएशन द्वारा गैंड़ीखाता स्थित एक होटल में एक शिष्टाचार बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज कुमार को एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, मेडिकल स्टोर संचालकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विचार-विमर्श किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। बैठक में गगन कर्णवाल, अमरनाथ, सुरेंद्र सैनी, श्रीकांत, अंकित सैनी, भूपेंद्र सैनी, सत्यम सैनी, जसवंत आदि मौजूद रहे।



# स्थायी उपजिलाधिकारी की नियुक्ति की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से कोटद्वार तहसील में स्थाई उजिलाधिकारी की नियुक्ति की मांग की है। कहा कि तहसील में स्थायी उपजिलाधिकारी न होने के कारण आम जन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सोमवार को परिषद के मीडिया प्रभारी बलवान सिंह रावत की ओर से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल की तहसीलों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण व संवेदनशील तहसील है। जिसमें स्थायी उपजिलाधिकारी का पद रिक्त चल रहा है। सप्ताह में दो दिन के लिए लैंसडाउन उपजिलाधिकारी के कार्यवाहक के रूप में कार्य करने से कोटद्वार और आसपास के क्षेत्र की जनता के आवश्यक कार्य सही समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही तहसील के कार्यों का संचालन भी बाधित हो रहा है। इसलिए कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी की प्राथमिकता के आधार पर स्थायी नियुक्ति की जानी चाहिए।

# ब्लॉक संसाधन केन्द्र में प्रोजेक्ट कार्य आधारित बाल मेले का आयोजन

## कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के पदमपुर सुखरो स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में सोमवार को एक दिवसीय प्रोजेक्ट कार्य आधारित बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में विकास खंड दुगड्डा के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चों ने गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय पर स्वयं निर्मित प्रोजेक्ट कार्य और मॉडल प्रस्तुत किये।

मेले का आरंभ खंड विकास अधिकारी अमित कुमार चांद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ने के लिए मंच मिलता है। इसलिए सभी बच्चों को इस तरह के आयोजनों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। तत्पश्चात मेले की गतिविधियों के अंतर्गत प्रोजेक्ट मूल्यांकन के आधार पर सामाजिक विज्ञान में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर की सुहाना ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक नगर क्षेत्र कोटद्वार के ललित ने द्वितीय एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिम्मलचौड़ के शिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित विषय में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका नगर क्षेत्र कोटद्वार की कुमारी जनेश्वरी ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरेला की कुमारी दिव्यांशी ने द्वितीय तथा राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर के छात्र मौहम्मद उसामा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान विषय में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरेला की कुमारी साक्षी ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भदालीखाल के रुद्राक्ष ने द्वितीय एवं इंटर कॉलेज पोखरी अजमेर के छात्र प्रिंस तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पदमपुर की कुमारी सृष्टि जखमोला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान शिक्षक प्रकाश चौधरी, पंकज वरण चंदोला और सुरेंद्र सिंह ने विज्ञान, देवेंद्र रावत, दीपशिखा रावत और इंगिता नेगी ने गणित तथा मुकेश रावत, मुकेश मनराल और ओमप्रकाश तिवारी ने सामाजिक विज्ञान विषय के मॉडल का मूल्यांकन करके बच्चों के विषय ज्ञान को परखा। विजेता छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। विजेता छात्र छात्राएं आगामी 19 दिसंबर को जनपद स्तरीय बाल मेले में पौड़ी मुख्यालय में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर शिक्षक बिपिन चौहान, सुधीर अग्रवाल, उमेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र प्रकाश पंत, विमल किशोर, आभा बडोला, नमिता बुड़ाकोटी, सुधा रावत, संगीता तोमर और जागृति कुकरेती आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान को श्रीलंका ने दो विकेट से हराया

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद विरन चामुदिता (62) और चमीका हीनातिगाला (नाबाद 51) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में अफगानिस्तान को चार गेंद शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। कल यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 235 रनों का स्कोर खड़ा किया।



अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में खालिद अहमजई (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद उस्मान सादत और फैसल शिनोजदा की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 22वें ओवर में चमीका हीनातिगाला ने फैसल शिनोजदा (39) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अंतराल पर अफगानिस्तान के विकेट गिरते रहे। उस्मान सादत ने 87 गेंदों में सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। उजैरुल्लाह नियाजई (25) कप्तान महबूब खान (25), अजिजुल्लाह मियाखिल (31), नूरीसतानी ओमरजई (29), अब्दुल अजीज (13) रन बनाकर आउट हुये। अफगानिस्तान का आखिरी विकेट 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर रूहुल्लाह अरब (दो) के रूप में गिरा। श्रीलंका के लिए सेतमिका सेनेविरत्ने और दुलनित सिगेरा ने तीन-तीन विकेट लिये। रसित निमसारा और चमीका हीनातिगाला को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 49.2 ओवर में आठ विकेट पर 238 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

# अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे मेसी का हुआ भव्य स्वागत

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी, रोड्रिगो डी पॉल और लुइस सुआरेज का यहां सोमवार को भव्य स्वागत हुआ। जैसे ही फुटबॉल के दिग्गज मैदान पर उतरे, उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और गर्मजोशी से मुस्कुराकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान जोरदार तालियां बजीं, झंडे लहरा कर स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने लियोनल मेसी को भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी नंबर-10 भेंट की है, इस नंबर की जर्सी कभी सचिन तेंदुलकर पहना करते थे। जर्सी पर मेसी का नाम लिखा हुआ था। जय शाह ने लुईस सुआरेज को जर्सी नंबर-9 और रोड्रिगो डि पॉल को जर्सी नंबर-7 दी। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी वहां मौजूद थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनके आने की सूचना के कुछ ही मिनटों में स्टेडियम में मौजूद भीड़ ने खुशी से मेसी, मेसी का शोर मचाना शुरू कर दिया।





## इंग्लैंड ने एक बदलाव के साथ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की

**एडिलेड ( एजेंसी/चिंगारी )।** इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एशेज टेस्ट के तीसरे मुकाबले के लिए एक बदलाव के साथ एकादश की पुष्टि कर दी है। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) के अनुसार, मेहमान टीम ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है, जिसमें गस एटकिंसन की जगह साथी तेज गेंदबाज जॉश टॉग को एकादश में शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे, जबकि विल जैक्स ने दूसरे टैस्ट के लिए शामिल किए जाने के बाद एकादश में अपनी जगह बनाए रखी है। टॉग का इस वर्ष जुलाई में द ओवल में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट के बाद इंग्लैंड के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में पहला मैच होगा। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक खेले गए छह टैस्ट में 31 विकेट लिए हैं, जिनमें से पांच विकेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले हैं।

## बीबीएल में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबाजी से रोका गया

**जिलॉन्ग ( ऑस्ट्रेलिया ) ( एजेंसी/चिंगारी )।** बिग बैश लीग (बीबीएल) में ब्रिस्बेन हीट बनाम मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जा रहे मैच में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबाजी से हटा दिया गया। यह घटना रेनेगेड्स की पारी के 18वें ओवर में उस समय हुई जब ब्रिस्बेन हीट के लिए अपना पहला मैच खेल रहे अफरीदी ने दो कमर-ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंदें फेंकीं, एक टिम सीफर्ट को और एक ओली पीक को और इसके बाद उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया। जब उन्हें बताया गया कि अब वह गेंदबाजी नहीं कर सकते, तो अफरीदी ने हल्की मुस्कान दी, क्योंकि हीट के कप्तान नाथन मैकस्वीनी को ओवर पूरा करने के लिए आखिरी दो गेंदें फेंकनी पड़ीं। 18वें ओवर की खराब गेंदबाजी से पहले, अफरीदी ने उस ओवर में 19 रन दिये। अफरीदी ने बीबीएल में 2.4 ओवरों में तीन नौ बॉल और दो वाइड गेंदे फेंकी। बहुत धूमधाम के साथ गेम में एंट्री करने वाले अफरीदी को पदार्पण मैच में जहां गेंदबाजी से रोका गया।



## शेफाली वर्मा और साइमन हार्मर नवंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा और दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज साइमन हार्मर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नवंबर माह का पुरुष और महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। शेफाली को यह सम्मान पिछले महीने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में मैच का रुख बदलने वाले शानदार प्रदर्शन पर मिला है। उन्होंने खिताबी मुकाबले में सलामी बल्लेबाज के रूप में 87 रनों की शानदार पारी खेलते हुए स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने सून लुस और मेरिजान कैप के विकेट भी झटके थे। नवंबर माह की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर शेफाली ने कहा, नवंबर के महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह पुरस्कार मैं अपनी टीम के साथियों, कोचों, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है। हम एक टीम के रूप में जीतते और हारते हैं, यही बात इस पुरस्कार के लिए भी लागू होती है। दाएं हाथ के स्पिनर हार्मर ने बंगलादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को हराकर पहली बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता।




# बंगलादेश ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जवाद अबरार (नाबाद 70) की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 151 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम 31.1 ओवर में 130 के स्कोर पर सिमट गई। अभिषेक तिवारी ने नेपाल के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली।



आशीष लुहा (23), सहिल पटेल (18) और नीरज कुमार यादव (14) नेपाल के शीर्ष स्कोरर रहे।

नेपाल के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

बंगलादेश के लिए एम सोबुज ने तीन विकेट लिये। साद इस्लाम, शहरयार अहमद और अजीजुल हकीम को दो-दो विकेट मिले। शहरिया अल-अमीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बंगलादेश ने 24.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उसने 29 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। रिफ्त बेग (पांच) और कप्तान अजीजुल हकीम (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय कलाम सिद्दीकी ने अबरार के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में युवराज खत्री ने कलाम सिद्दीकी (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
**संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।**
**सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दृश्यता कम होने से सात बसें और तीन कारें टकराईं, फिर लगी आग

## 13 लोगों की मौत



**मथुरा (एजेंसी/चिंगारी)।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज तड़के घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। सुबह करीब 3:30 बजे बलदेव थाना क्षेत्र में 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 से अधिक यात्री घायल हो गए। मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, अन्य के शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय दृश्यता लगभग शून्य थी। कोहरे के चलते एक के बाद एक सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई वाहनों में धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटें उठते ही बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण की टीमें मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और घायलों को वाहनों से बाहर निकाला गया। घायलों को जिला अस्पताल मथुरा, 100 शैया अस्पताल वृंदावन में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रैफर किया गया है। 38 लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका उपचार चल रहा है। 39 बलदेव सीएचसी पर हैं। कानपुर निवासी अमन यादव ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार से बांके बिहारी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। घने कोहरे के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, तभी अचानक सामने से आए वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी और उसके बाद लगातार कई वाहन आपस में टकराते चले गए। हमीरपुर की नसीमा ने बताया कि वह अपने पति के साथ मजदूरी करने पानीपत जा रही थी। उनकी बस सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई, जिसके बाद उसमें तेजी से आग लग गई।

# पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र

## भारत का संयुक्त राष्ट्र में पड़ोसी देश को फिर मुंहतोड़ जवाब



**न्यूयॉर्क (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सोमवार (स्थानीय समय) को एक बार फिर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दरअसल, परिषद में 'शांति के लिए नेतृत्व' विषय पर खुली बहस हो रही थी। इस दौरान पाकिस्तान ने भारत के जम्मू-कश्मीर को 'विवादित' बताया। भारत ने पाकिस्तान के इस दावे को बेबुनियाद बताया और दोहराया कि जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है और भारत का अभिन्न हिस्सा है। वह पहले भी भारत का हिस्सा था, आज भी है और हमेशा रहेगा। बहस के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के मंच का इस्तेमाल भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाने व अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा है। हरीश ने यह भी कहा कि विभाजनकारी एजेंडा अपनाकर पाकिस्तान सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में अपनी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को कमजोर कर रहा है। राजदूत ने कहा, मैं आज पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से दिये बयान का जिक्र कर रहा हूं। भारत फिर से स्पष्ट करना चाहता है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं। वे पहले भी थे, हैं और हमेशा रहेंगे। आज की खुली बहस में पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर का अनावश्यक जिक्र भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाने के उसके विभाजनकारी एजेंडा का प्रमाण है।











